आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 8 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -42 ■ अंक-101 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# महादेव एप का संचालक सौरभ चंद्राकर ओमान में गिरफ्तार

## फर्जी पासपोर्ट से ओमान पहुंचने का आरोप

**रायपुर,8 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश करने के आरोप में महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर को ओमान में गिरफ्तार किया गया है। चंद्राकर पिछले कुछ समय से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सौरभ को भारतीय एजेंसियों द्वारा जारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर रॉयल ओमान पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार चंद्राकर को वापस लाने के लिए ओमान को औपचारिक प्रत्यर्पण की तैयारियों में जुटी है। सौरभ को मस्कट स्थित हाई-सिक्योरिटी अल खौद डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ फर्जी पासपोर्ट के इस्तेमाल और अवैध तरीके से ओमान में प्रवेश करने का मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि उसने अपनी पैरवी के लिए मस्कट में वकीलों की एक टीम भी नियुक्त की है। सौरभ चंद्राकर महादेव ऑनलाइन बुक मामले के प्रमुख आरोपियों में शामिल हैं। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई हजारों करोड़ रुपये के अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रहे हैं। हाल ही में इंटरपोल की Commission for the Control of INTERPOL's Files (CCF) ने चंद्राकर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी रेड नोटिस हटाने की मांग की थी।

चंद्राकर का दावा था कि भारत में उनके खिलाफ मामला राजनीतिक कारणों से दर्ज किया गया है और उन्हें निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी, लेकिन सीसीएफ ने कहा कि मामला वित्तीय अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है न कि राजनीतिक उत्पीड़न से इसलिए रेड नोटिस जारी रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सौरभ चंद्राकर ने सीसीएफ में सुनवाई के दौरान ही यूएई छोड़ दिया था। अधिकारियों का मानना है कि फर्जी पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश करना उसकी एक सोची-समझी रणनीति हो सकती है, ताकि भारत प्रत्यर्पण प्रक्रिया में देरी हो। ओमान के कानून के तहत फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल गंभीर अपराध माना जाता है, जिसकी सजा 3 से 5 साल तक की कैद और जुर्माना हो सकती है।

2019 से फरार चल रहे सौरभ चंद्राकर को यूएई से भारत लाने की कोशिश की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। साल 2024 में दुबई में उसे कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था, लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। उस समय इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर यूएई अधिकारियों ने सौरभ चंद्राकर को हिरासत में लिया था और कुछ समय तक हाउस अरेस्ट में रखा था। भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भी भेजा था, लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

### छत्तीसगढ़ में दर्ज हैं कई एफआईआर

छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप के खिलाफ अलग-अलग थानों में कुल 70 अपराध दर्ज है। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान वर्तमान में राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने इसका मुद्दा बनाया था। भाजपा ने अपनी चुनावी सभाओं में घोषणा की थी कि महादेव के नाम को बदनाम करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा। ईडी ने मामले में 16 महीने तक लंबी- चौड़ी जांच कर 1300 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया था। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों में स्थित संपत्तियों को भी अटैच किया गया था था। इसके अलावा प्रमोटरो के द्वारा फर्जी सेल कंपनियां बनाकर शेयर मार्केट के माध्यम से एक हजार करोड़ रूपये का निवेश भी किया गया था। जिसकी जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमिय बोर्ड कर रही है।

## 30 लाख की धोखाधड़ी, आरक्षक और पत्नी पर एफआईआर

**सरगुजा,8 जुलाई।** अंबिकापुर में पुलिस विभाग में पदस्थ एक आरक्षक और उसकी पत्नी पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि जमीन खरीदने और पीडब्ल्यूडी का भुगतान मिलने का झांसा देकर एक महिला से 30 लाख रुपये लिए गए। रकम वापस नहीं करने और चेक बाउंस होने के बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।गांधीनगर निवासी महिला ने शिकायत की है, वर्ष 2023 में आरक्षक प्रवीण प्रताप सिंह और उसकी पत्नी अलका प्रताप सिंह ने भरोसे में लेकर 30 लाख रुपये उधार लिए थे।


## शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला हाईकोर्ट से 7 आरोपियों को सशर्त अग्रिम जमानत

**बिलासपुर,8 जुलाई।** हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने धमतरी जिले की वर्ष 2007 की शिक्षाकर्मी ग्रेड-3 भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े 18 साल पुराने मामले में सात आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी है. जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बैंच ने कहा कि इसी मामले में समान आरोपों वाले अन्य सह-आरोपियों को पहले ही राहत मिल चुकी है, इसलिए वर्तमान याचिकाकर्ताओं को भी जमानत का लाभ दिया जाना उचित है. कोर्ट ने सात अलग-अलग आपराधिक अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया है.

दरअसल, वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के 172 पदों पर भर्ती प्रक्रिया हुई थी. आरोप है कि चयन समिति के सदस्यों और अन्य आरोपियों ने साजिश के तहत कुछ अभ्यर्थियों के फर्जी या अमान्य दस्तावेजों के आधार पर अंक बढ़ाकर उन्हें चयनित करा दिया, इसके चलते पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिली और वे बाहर हो गए. इस संबंध में वर्ष 2011 में पुलिस थाना मगरलोड में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(9)(4) के तहत अपराध दर्ज किया गया था.

## दान की गिनती के तरीके अनिल और बैंक ने तय किए: चंपत राय

**अयोध्या,8 जुलाई।** राम मंदिर दान चोरी के मामले में निशाने पर आने के बाद महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले चंपत राय का एसआईटी को पत्र लिखा है। चंपत राय के कथित पत्र में लिखा है कि गणना प्रक्रिया के संबंध में एसआईटी के दस्तावेजों में एक कागज है। यह 6 फरवरी 2025 को गणना को लिखा एक कथित पत्र वायरल हो रहा है। पत्र में चंपत राय ने दान की गिनती को लेकर बनाए गए दिशा निर्देशों पर अपने हस्ताक्षर होने से इनकार किया है। उन्होंने यह भी लिखा कि अनिल मिश्रा और बैंक ने दान के रुपयों की गिनती के तरीके तय किए थे। पिछले साल फरवरी में बनी इस एसओपी की उन्हें जानकारी पिछले ही महीने हुई है। दान चोरी की जांच के लिए बनी एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में गिनती के तरीकों को लेकर कई सवाल उठाए हैं। एसआईटी ने रिपोर्ट में चंपत राय का नाम तो नहीं लिखा लेकिन ट्रस्ट पर ही नियमों का पालन नहीं करने और नियमों को शिथिल करने का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि इसी को लेकर चंपत राय ने एसआईटी



प्रक्रिया के लिए निर्धारित दिशा निर्देश (एसओपी) है। इस पर न्यासी डॉ. अनिल मिश्र और स्टेट बैंक आफ इंडिया अयोध्या शाखा के मुख्य प्रबंधक गोविंद मिश्र के हस्ताक्षर हैं। इसमें लिखा है कि इसकी प्रतिलिपि महासचिव राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को भेजी गई। मुझे तो इस पत्र की जानकारी 13 जून 2026 को अपने एकाउंट ऑफिस से हुई। इस पत्र से मैं सहमत नहीं हूं। मैं इसे अस्वीकार करता हूं।

पत्र में आगे लिखा है कि अगस्त 2020 से जून 2026 तक जितने भी अनुबंध हुए उन सभी पर केवल मेरे और संबंधित दूसरे पक्ष के प्रमुख अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। सवाल उठाया गया है कि गणना को लेकर बने दिशा निर्देश संबंधी पत्र पर मेरे हस्ताक्षर क्यों नहीं कराए गए। अगर मैं अयोध्या में नहीं था तो प्रतीक्षा की जानी चाहिए थी। दान की गणना को लेकर एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट में कई गड़बड़ियां पकड़ी हैं। कहा है कि ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए निजी संस्था एसआईएस से अनुबंध किया है। गणना कक्ष के ठीक बाहर एसआईएस का एक कर्मचारी तैनात रहता है। जिसका काम गणना प्रक्रिया की निगरानी करना है। ट्रस्ट ने इसका ठीक ढंग से अनुपालन नहीं किया है। एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के बीच फरवरी 2024 में हुए एमओयू में यह स्पष्ट था कि मंदिर परिसर में चढ़ावे की रकम की गणना और उसे बैंक ले जाए जाने के दौरान सुरक्षा प्रबंधों का दायित्व ट्रस्ट का होगा। ट्रस्ट के कर्मचारियों, पदाधिकारियों का दायित्व था कि एसआईएस के सुरक्षा कर्मियों से गणना कर्मियों के प्रवेश व निकासी के दौरान सघन तलाशी कराई जाए। ट्रस्ट और बैंक ने तलाशी से जुड़े निर्देश छह फरवरी 2025 को शिथिल कर दिए थे। पहले सहमति बनी थी कि गणना कक्ष में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षाकर्मियों द्वारा जांच की जाएगी। इस नियम को भी शिथिल किया गया और तलाशी की व्यवस्था में नियमित की जगह अचानक तलाशी का प्रावधान जोड़ा गया।

## पंजाब कांग्रेस में बदलाव बच्चों का खेल नहीं: भूपेश

**चंडीगढ़,8जुलाई।** बुधवार को पंजाब कांग्रेस नेतृत्व में बदलाव की अटकलों को खारिज करते हुए कहा गया कि पार्टी हाईकमान का अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को राज्य इकाई का प्रमुख बनाए रखने का फैसला अंतिम है। पत्रकारों से बात करते हुए बघेल ने कहा कि नेतृत्व से जुड़े फैसलों पर बार-बार पुनर्विचार नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब हाईकमान ने कोई फैसला ले लिया है, तो उसे बदला नहीं जाता। क्या यह गुड़िया-गुड्डे का खेल है कि बार-बार फैसला बदला जाएगा?

यह बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस ने 1 जुलाई को घोषणा की कि वारिंग पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बने रहेंगे, जबकि अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और जालंधर के सांसद चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि चन्नी राज्य इकाई का प्रमुख न बनाए जाने से नाराज़ हैं। सोमवार को मोहाली में कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं ने उनकी मौजूदगी में बैठक की। इससे कुछ दिन पहले ही कई मौजूदा और पूर्व विधायकों ने इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया था। बघेल ने कहा कि वह जल्द ही चन्नी और सीनियर नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिलेंगे।

## इंडोनेशिया के एक हजार साल पुराने हिंदू मंदिर पहुंचे पीएम मोदी

**जकार्ता, 8 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय इंडोनेशिया दौरे के आखिरी दिन यहां स्थित एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां योग्याकार्ता स्थित 1000 साल पुराने प्रम्बानन मंदिर का दौरा किया है और कुछ अद्भुत झलकियां दिखाई है। अपने सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पेज पर पीएम ने मंदिर परिसर की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। बता दें कि भारत अब इस मंदिर को नया जीवन देने जा रहा है। दोनों देशों के बीच मंदिर के पुनर्निमाण और जीर्णोद्धार को लेकर सहमति बनी है।

पीएम यहां इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ पहुंचे थे। उन्होंने विमान से मंदिर के भव्य परिसर का एक वीडियो शेयर किया। इसके बाद यहां पहुंचकर पीएम मोदी और प्रबोवो ने यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में शामिल प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण और पुनर्स्थापन परियोजना का शुभारंभ किया। इसे भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक सहयोग का एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और परियोजना से जुड़े अधिकारियों से बातचीत भी की। इस दौरान दोनों देशों के राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। वहीं पीएम ने एक अन्य पोस्ट में प्रम्बानन मंदिर में मंत्रोचारण का वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने लिखा, "इंडोनेशिया के प्रम्बानन मंदिर में ॐ नमः शिवाय।"

इस मंदिर को 9वीं शताब्दी



में बनवाया गया था और यह इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर परिसर है। मुख्य रूप से यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसके भव्य शिखर शिव, विष्णु और ब्रह्मा की झलकियां नजर आती हैं। वहीं पूरे परिसर में बनी जटिल पत्थरों की नक्काशी में रामायण के दृश्यों को उकेरा गया है। परिसर के केंद्र में 47 मीटर ऊंचा राजसी शिव मंदिर है। यह प्रम्बानन की सबसे ऊंची संरचना है और प्राचीन हिंदू वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है। इसे दुनिया में किसी भी देश में स्थित सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक माना जाता है। मूल रूप से इस पूरे परिसर में सैकड़ों छोटे-बड़े मंदिर शामिल थे, जो समय के साथ आए भूकंपों और ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण क्षतिग्रस्त हो गए। अब भारत इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराएगा। इससे पहले दोनों देशों ने एक लेटर ऑफ इंटेंट पर सहमति जताई थी। पीएम मोदी ने भी मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत और इंडोनेशिया की साझा संस्कृति पर जोर दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि महानदी में केले के तने से बनी छोटी-छोटी नावों को प्रवाहित करने की परंपरा हो, 'वायंग कुलित' के माध्यम से महाभारत का मंचन हो या देवी श्री की पूजा, हर परंपरा भारत और इंडोनेशिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों की जीवंत झलक पेश करती है।

उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में बॉलीवुड की प्रसिद्ध फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का गीत बेहद लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री ने कहा, "मैंने राष्ट्रपति प्रबोवो से कहा कि जब भारत और इंडोनेशिया साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो बहुत कुछ होता है...।"

## चोर हर जगह हो सकते हैं: अनुपम खेर

**अयोध्या,8 जुलाई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी आगामी फिल्म 'श्री राम भूमि' की शूटिंग शुरू करने से पहले बुधवार को राम मंदिर में रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की. इस दौरान उन्होंने हाल ही में सामने आए राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले पर भी अपनी



प्रतिक्रिया दी. अनुपम खेर ने कहा कि "चोर हर जगह हो सकते हैं, लेकिन इससे मंदिर की पवित्रता और गरिमा पर कोई असर नहीं पड़ता. जिस मंदिर को बनने में 500 साल लगे, उसकी प्रतिष्ठा कुछ लोगों की हरकतों से कम नहीं हो सकती." उन्होंने कहा कि यदि किसी के घर में चोरी हो जाए तो दोष घर का नहीं, बल्कि चोर का होता है. उसी तरह मंदिर में चोरी की घटना के लिए मंदिर की गरिमा पर सवाल उठाना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि पूरे हिंदू समाज को इस बात को समझना चाहिए. बॉलीवुड अभिनेता ने श्रद्धालुओं की आस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों ने भगवान को चढ़ावा किसी सौदे या बदले की भावना से नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास के साथ अर्पित किया है.

## शोपियां मुठभेड़ में लश्कर का टॉप कमांडर ढेर

**श्रीनगर,8 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर जाकिर अहमद गनई मारा गया। बुधवार को मुठभेड़ स्थल से उसका शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, जाकिर गनई उन 14 वांछित आतंकियों की सूची में शामिल था, जिसे हाल के आतंकी घटनाक्रमों के बाद खुफिया एजेंसियों ने चिन्हित किया था। सुरक्षा एजेंसियों को



शोपियां के चनापोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिली थी। इसके बाद शनिवार शाम से इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। इस अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं।

## आधी रात 19 अधिकारी इधर से उधर

**रायपुर,8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 8 अधिकारियों तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों सहित कुल 19 अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियां**-वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रिमिजियस एक्का को नगरीय प्रशासन विभाग के साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गजेंद्र सिंह ठाकुर को उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग बनाया गया है। प्रतीक जैन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा,सुरूचि सिंह को आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई,जयंत नाहटा को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत धमतरी,एम. भार्गव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा,तन्मय खन्ना को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बस्तर,दुर्गा प्रसाद अधिकारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजनांदगांव नियुक्त किया गया है।

**राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों में भी फेरबदल**-राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में भी व्यापक फेरबदल किया गया है।

इंद्रजीत बर्मन को स्वास्थ्य सेवाएं विभाग,राजीव कुमार पांडेय को उच्च शिक्षा संचालनालय,भारती चंद्राकर को मार्कफेड,दिनेश कुमार नाग को छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन,नयनतारा सिंह तोमर को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय,गोकुल राम राबटे को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुंगेली,आशुतोष चतुर्वेदी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज,अभिषेक कुमार गुप्ता को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी,प्रभाकर पांडेय को खेल एवं युवा कल्याण विभाग,शशांक पांडेय को छत्तीसगढ़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन बनाया गया है।

## अबूझमाड़ में भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

**नारायणपुर,8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक और अन्य सामग्रियों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरामद सामग्री में करीब 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी, रॉकेट लॉन्चर, मोर्टार तथा अन्य विस्फोटक सामग्री और उपयोगी उपकरण शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने मौके से मिले सामान को जब्त कर सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने और नक्सलियों के ठिकानों को ध्वस्त करने के उद्देश्य से लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान यह सफलता मिली है।

## तीन महाद्वीप की आठ टीम विश्व विजेता बनने की राह पर

### फीफा विश्वकप का 23वां संस्करण : 2026, अब क्वार्टर फायनल का दौर आरंभ

**आलेख.. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग**

आज की परिस्थिति में खेल के भविष्य को तय करने का जिम्मा खेल संघों का है। इस दृष्टि से इंटरनेशनल ओलंपिक कौंसिल याने आईओसी के पदाधिकारी आधुनिक ओलंपिक खेलों को संसार के सभी देशों में जिस तरह लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत हैं ठीक उसी तरह फुटबाल की विश्वव्यापी संस्था फीफा भी जिसे इंटरनेशनल फेडरेशन आफ एसोसिएशन फुटबाल कहते हैं उससे जुड़े समस्त पदाधिकारी फुटबाल खेल को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। फुटबाल के शुभचिंतकों की यह कोशिश पूरी तरह सफल होती दिखाई दे रही है। मात्रा 05 लाख की आबादी वाला देश केप वर्डे के खिलाड़ियों ने जिस तरह पहले चक्र में खेल दिखाया वह इस बात को साबित करता है कि फुटबाल ने वहा के निवासियों के दिलों पर राज कर लिया है। अफ्रीका महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करने वाली केप वर्डे की पुरुष फुटबाल टीम ग्रुप एच में थी। जिसमें उसने पहले मैच में एक बार की पूर्व विश्व विजेता स्पेन की टीम को बराबरी पर रोका। फिर उन्होंने विश्वकप में पहली बार खेलते हुए दो बार की विश्व चैंपियन (1930, 1950) की उरुग्वे की टीम से बराबरी की अंत में ग्रुप के तीसरे देश सउदी अरब को भी 0-0 से ड्रा करने पर मजबूर किया। इस तरह केप वर्डे की टीम ने न सिर्फ आपसी तालमेल का अच्छा परिचय देते हुए पूरे जगत के फुटबाल प्रेमियों को आश्चर्यचकित किया बल्कि यह भी साबित किया कि फुटबाल के खेल ने केप वर्डे देश में अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है। 2026 के फीफा विश्वकप में वैसे भी उलटफेर का दौर चल रहा है। चार बार की विश्व विजेता यूरोप महाद्वीप की टीम इटली इस विश्वकप में योग्यता हासिल करने में असफल रही थी। विश्व कप को 1930 से लेकर अब तक ब्राजील ने 05 बार, पश्चिम जर्मनी/जर्मनी ने 04 बार,अर्जेंटीना ने 3 बार, फ्रांस, उरुग्वे ने 02-02 बार, स्पेन, इंग्लैंड ने एक-एक बार जीता है। 2026 के इस विश्वकप स्पर्धा में अब क्वार्टर फायनल में आठ टीम ने जगह बना ली है जिसमें मोरक्को वि. फ्रांस, स्पेन वि. बेल्जियम, नार्वे वि. इंग्लैंड, अर्जेंटीना वि. स्वीट्जरलैंड के बीच भिड़ंत होगी। इस बार उपरोक्त में से पूर्व में विजेता रह चुकी फ्रांस, स्पेन, इंग्लैंड, अर्जेंटीना सिर्फ चार टीम ही बाकी है। अब फीफा द्वारा फुटबाल खेल की दृष्टि से बांटे गये पृथ्वी के छः भू भाग में से सिर्फ तीन देश की टीम अर्थात् दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से एक मात्र अर्जेंटीना, अफ्रीका महाद्वीप से एक मात्र मोरक्को जबकि यूरोप महाद्वीप से 06 टीम बाकी है। अब तक अर्जेंटीना की टीम सबसे ज्यादा भाग्यशाली है जबकि उसे केपवर्डे की टीम ने राउंड आफ 32 तथा मिस्त्र की टीम ने राउंड आफ 16 में जमकर टक्कर दी। 2026 के विश्व कप में जर्मनी का पहले ही दौर में बाहर होना और सबसे ज्यादा पांच बार विश्व विजेता बनने वाली टीम ब्राजील का राउंड आफ 16 में पराजित हो जाना इस बात का संकेत देता हे कि गहन प्रशिक्षण, लगन, मेहनत, जुझारूपन, आपसी बेहतरीन तालमेल की वजह से अब कोई भी टीम अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण फीफा द्वारा प्रत्येक देश में फुटबाल की प्रगति का लगातार जायजा लेना है। खिलाड़ियों को संबंधित देशों द्वारा क्या सुविधा दी जानी चाहिए इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाती है। किसी देश में संसाधन या प्रशिक्षक या खेल सामग्री की कमी होती है तो फीफा इसके लिए उचित व्यवस्था करता है। खिलाड़ियों के खान-पान से लेकर कसरत के लिए जिम की कमी दूर की जाती है और विशेषज्ञ चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, मैदान बनाने वाले,शिक्षित रेफरी, खेल की नियमावली,, सभी फीफा द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं. या फिर वीडियो कांफ्रेंसिंग से सलाह की जाती है। दूसरी बात ख्याति। प्राप्त टीम दूसरे छोटे देश की टीम को मैच से पहले हल्के में लेते हैं। जबकि छोटे छोटे देश नामीगिरामी देशों की टीम को पराजित करने के हिसाब रणनीति बनाकर विश्व कप में अपना प्रदर्शन करते हैं इसी कारण परिणाम उलट जाते हैं अतः बाकी बचे 08 मैच में सभी टीम को पूरे लय के साथ खेलना होगा जो टीम श्रेष्ठ होगी वहीं चैंपियन बनेगी .

# बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौटे मनीष पांडेय, हर-हर महादेव जयघोष के बीच हुआ अभिनंदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जुलाई।** पवित्र अमरनाथ यात्रा पूरी कर लौटे भिलाई के 10 श्रद्धालुओं के जत्थे का श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के दल में भाजपा युवा नेता एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, नितेश सिंह, रोहन सिंह और गोविंदा गुप्ता सहित कुल 10 श्रद्धालु शामिल थे। श्रद्धालुओं ने लगभग 36 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा कर पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए और प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मनीष पाण्डेय ने बताया कि अमरनाथ यात्रा आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा बर्फानी के दर्शन जीवन भर की अमूल्य स्मृति बन गए। समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं के सकुशल लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बाबा बर्फानी से प्रदेश और देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव समिति चरोदा प्रखंड की नई कार्यकारिणी घोषित

भिलाई, 8 जुलाई । श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में चरोदा प्रखंड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड की नई



कार्यकारिणी की घोषणा की गई। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष रमेश माने एवं प्रदेश महामंत्री बुद्धन सिंह ठाकुर की अनुशंसा तथा जिला अध्यक्ष मदन सेन की सहमति एवं उपस्थिति में की गई। नई कार्यकारिणी में वाई. नारायण राव को प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर पी.एन. शर्मा, सुशील यादव, के. वीरभद्र राव एवं सुब्रत दास को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, सत्य प्रकाश शर्मा एवं सुनील बैठा को महामंत्री, मनजीत लहरे, माला भट्ट, हरीश साहू एवं लेखराम यादव को मंत्री तथा रिंकु तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा आर.एस. श्रीनिवास को मीडिया प्रभारी, हितेश चंद्र साहू को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी, देवमय मित्रा को कार्यालय प्रभारी तथा केदारेश्वरी मीनाक्षी को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में बी.ए. नायडू, राकेश कुमार गजेन्द्र, बी. नागु (बाबा), उमाशंकर चक्रधारी, वीरू नायक, राजेश विश्वकर्मा, कमल तांडी, लोही दास, मलय बनर्जी, वासु शिखा, ए. कृष्णा, गणेश प्रसाद, दिनेश गढ़ेवाल, ए.वी. शंकर राव एवं हेमराज बाग को शामिल किया गया है। समिति की महिला शाखा की अध्यक्ष के रूप में सुधा बर्मन को नियुक्त किया गया है।



## उतई मंडल ने मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 8 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा उतई मंडल अध्यक्ष करण सेन के नेतृत्व में आज हनोदा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए अपने सभी युवा मोर्चा के पदाधिकारी के साथ भाजयुमों जिला मंत्री हर्ष चंदेल भाजयुमों उतई मंडल महामंत्री राकेश देवांगन, भाजयुमों उपाध्यक्ष राहुल देव यादव, छगन बंजारे, खुमान निषाद ( सरपंच),उज्जवल साहू, भाजयुमों उतई मंडल मंत्री वैभव देवांगन, युगल किशोर चंद्राकर ( सरपंच), दौलत राम यादव, भूपेंद्र साहू, लक्ष्मीदेवी किशोर साहू सरपंच हनोदा, दानेश्वर यादव, दिनेश पटेल,उप सरपंच प्रकाश पटेल, किशोर साहू ,चंदू साहू ,मनोज यादव, मुरली साहू ,युवराज साहू ,दनेश्वर यादव ,कालू राम यादव ,बल्लू साहू, भग्गू साहू ,शोभा साहू ,रेखा साहू, परी ढीमर, भावना साहू, अर्पित योगी महाराज जी, शुभम साहू, गांव के छोटे छोटे बच्चे ,एवं ग्रामीण जन भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### म्यूल खाते के मामले में 10 गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई साइबर ठगी में म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले संगठित नेटवर्क का पुलिस ने खुलासा कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस अब तक 123 खाताधारकों पर कारवाई कर चुकी है पुलिस ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल बैंक खातों का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि विभिन्न बैंक खातों में साइबर ठगी से प्राप्त राशि प्राप्त होकर अन्य खातों में स्थानांतरित की गई। इससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि संबंधित खाताधारकों ने स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम को प्राप्त करने, छिपाने एवं स्थानांतरित करने के उद्देश्य से किया गया। उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (2), 318(3), 318 (4) बीएनएस के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर दोनों थानों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने इंडियन ओवरसीज बैंक के संदिग्ध खातों की जांच के दौरान 106 खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ की इस में विवेचना के दौरान 08 खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल, इंडियन ओवरसीज बैंक की पासबुक, एटीएम कार्ड एवं आधार कार्ड जब्त किया है। इसी प्रकार थाना छावनी में पंजीबद्ध प्रकरण में पूर्व में 15 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी। विवेचना के दौरान दो अन्य आरोपी प्रेमलाल कौशिक एवं ललित कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकरण में अब तक कुल 17 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है इन आरोपियों पर पुलिस ने की है कार्रवाई मोदित कुमार जैन (26 साल ) निवासी नूतन चौक भिलाई-3, करण टण्डन (21 साल ) निवासी पांच रास्ता सुपेला, अवध किशोर (55 साल ) निवासी सेक्टर एच खुर्सीपार, संकेत कुमार दास (27 साल ) निवासी खुर्सीपार, रविन्द्र कौशिक (20 साल ) निवासी खुर्सीपार, शहबाज आलम (26 साल ) निवासी जवाहर नगर जामुल, ए. सागर (36 साल ) निवासी वृंदा नगर, प्रिती कौर (37 साल ) निवासी गांधी कॉलोनी सुपेला, प्रेमलाल कौशिक (23 साल ) निवासी खुर्सीपार व ललित कुमार (24 साल ) निवासी खुर्सीपार पर कार्रवाई की है।

### 45 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रायपुर बायपास रोड अहिवारा स्थित चाय-नाश्ता ठेला में दबिश देकर वार्ड -1 अहिवारा निवासी. मनोज साहू उर्फ मोनू साहू को पकड़ा गया उसके पास से पुलिस ने 45 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त किया गया है जिसकी कीमत 4500 रुपए आंकी गई है ।

### निजता का उल्लंघन,युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 8 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि 4 जुलाई को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर उसका व्यक्तिगत नाम, मोबाइल नंबर एवं फोटो प्रसारित कर उसकी निजता का उल्लंघन किया जा रहा है। रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध पंजीबद्ध कर संबंधित धाराओं के अंतर्गत विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान सायबर सेल के सहयोग से संबंधित इंस्टाग्राम आईडी का तकनीकी विश्लेषण कर उसके संचालक की पहचान की गई जांच उपरांत आरोपी प्रांजल यादव उर्फ जर्नलिस्ट प्रांजल (24 साल ) निवासी राम नगर, सुपेला को गिरफ्तार किया गया आरोपी रुंगटा-2 का पीजीडीसीए का छात्र है तथा यूट्यूब चैनल का संचालन भी करता है ।



### पुलिस ने 3 हजार की शराब जब्त की

**भिलाई, 8 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम उमरपोटी के पास दबिश देकर भाठापारा ग्राम सेलूद उतई हिमांशु दास मानिकपुरी को पकड़ा गया उसके पास से एक प्लास्टिक बोरी में रखी 30 पौवा देशी प्लेन शोले शराब (5.4 बल्क लीटर) तीन हजार रुपए का जब्त किया ।

## एशियन पैसिफिक अफ्रीका पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जयदीप ने जीता स्वर्ण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के होनहार पावरलिफ्टर जयदीप साहू ने एशियन, पैसिफिक एवं अफ्रीका अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। 66 किलोग्राम सीनियर वर्ग में उन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुल 452.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जयदीप साहू ने स्क्वाट में 180 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 102.5 किलोग्राम तथा डेडलिफ्ट में 170 किलोग्राम वजन उठाया। तीनों स्पर्धाओं में कुल 452.5 किलोग्राम वजन उठाकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीतते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा फहराया और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू ने इसे छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रतियोगिता में प्रदेश के अन्य खिलाड़ी 93 किलोग्राम वर्ग में प्रियंक मिश्रा तथा 120 किलोग्राम वर्ग में अमान शुक्ला से भी पदक की उम्मीद है। 4 से 12 जुलाई तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में फिलहाल इक्विप्ड श्रेणी की स्पर्धाएं चल रही हैं। वहीं 8 जुलाई से शुरू होने वाली क्लासिक प्रतियोगिता में जयदीप साहू, प्रियंक मिश्रा और अमान शुक्ला एक बार फिर अपने-अपने वजन वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जयदीप साहू ने प्रदेशवासियों के प्रेम और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। उनके पिता एवं भारतीय टीम के कोच, पूर्व अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर तथा विक्रम, गुंडाधुर एवं वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से सम्मानित कृष्णा साहू ने भी सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया।

## पौधरोपण से पर्यावरण के साथ कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प होगा साकार:कीर्ति नायक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,8 जुलाई। महिला** एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जामगांव (एम.) एवं पाटन स्थित एकीकृत महिला एवं बाल विकास कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कीर्ति नायक ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ मुनगा जैसे पौष्टिक पौधों का रोपण कुपोषण दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, भाजपा नेता अजीत ठाकुर, परियोजना अधिकारी यमुनेश पांडे एवं छाया वर्मा, नगर पंचायत पाटन की उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति नेहा बाबा वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील ने जन्मदिवस पर पौधारोपण का संदेश दिया

**कवर्धा, 8 जुलाई।** आज अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं हरीतिमा टीम के सदस्य सुनील दोषी के द्वारा अपना जन्मदिन एक पौधा हरियाली के प्रतीक के रूप में लगाकर पर्यावरण के इस संकल्पित हरीतिमा टीम के मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर अपने जन्मदिन को यादगार दिवस के रूप में मनाया ।

## इंद्रजीत सिंह को धमकी मामले में दो लोगों को एक-एक वर्ष की सजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 जुलाई ।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह उर्फ छोटू को जान से मारने की धमकी देने के मामले में दुर्ग न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 500-500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषी ठहराए गए आरोपियों में राजेश कुमार गुप्ता और समाजसेवी स्वर्गीय मंगा सिंह के पुत्र सतबीर सिंह उर्फ सोनू शामिल हैं। प्रकरण के अनुसार, 3 जनवरी को इंद्रजीत सिंह की हथखोज स्थित हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ था। पत्र में उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी गई थी। शिकायत के बाद भिलाई-3 थाना पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 506 एवं 507 के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि धमकी भरा पत्र सेक्टर-2 डाकघर से भेजा गया था, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपियों का पहला अपराध होने का हवाला देते हुए रियायत की मांग की, जबकि अभियोजन पक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़ी सजा देने का आग्रह किया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता और लंबे समय से लंबित प्रकरण को ध्यान में रखते हुए धारा 506 के तहत छह माह के कारावास एवं 500 रुपये जुर्माना तथा धारा 507 के तहत छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। इस प्रकार दोनों आरोपियों को कुल एक वर्ष के कारावास की सजा भुगतनी होगी।न्यायालय ने मामले से संबंधित लिफाफा, धमकी भरा पत्र, हस्तलिपि नमूने, रजिस्टर तथा सीडी को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही धारा 437(ए) के तहत आरोपियों के जमानत बंधपत्र को छह माह तक प्रभावशील रखने का आदेश भी दिया गया है। न्यायालय के इस फैसले को शहर के व्यापारी वर्ग ने राहत देने वाला बताया है। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि कानून सबके लिए समान है और धमकी के जरिए किसी को भयभीत नहीं किया जा सकता।



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया सर्वधर्म सेवा संस्था का स्थापना दिवस

**भिलाई, 8 जुलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था का स्थापना दिवस आमदी नगर में मनाया गया। संस्था ने आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए उनकी शुल्क राशि विद्यालय प्राचार्या को प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष घनश्याम पांडे ने सर्वधर्म समभाव, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या माधुरी कश्यपकर, मंजू सायगल, अपर्णा गर्वे, शिखा रानी बर्नवाल, चंद्राणी राय, सुरेखा देवी सोलंकी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## अमरनाथ दुबे ने जोन-2 में विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जुलाई ।** नगर निगम के जोन-2 क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त ने जोन-2 में निर्माणाधीन नए डॉग हाउस का अवलोकन किया और इसके कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के संबंध में चर्चा की। वहीं स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर में संचालित विभिन्न गतिविधियों और कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा कुरूद सुंदर विहार क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के



लिए निर्मित नई सीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। जोन आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा तथा उप अभियंता अशोक देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### संभाग में किसानों को खरीफ के लिए खाद बीज की कमी न हो: संभागायुक्त राठौर

**दुर्ग, 8 जुलाई ।** संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर ने कहा कि संभाग में किसानों को खरीफ फसल हेतु खाद बीज की कमी न होने पाएं यह सुनिश्चित किया जाए। संभाग अंतर्गत सभी जिलों में उपलब्ध खाद एवं बीज का वितरण किसानों को समय पर किया जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने आज संभाग आयुक्त कार्यालय में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक कृषि से संभाग अंतर्गत खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए उक्त बातें कही। संयुक्त संचालक कृषि ने अवगत कराया कि संभाग में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। उपलब्धता के आधार पर जिलों में कृषि विभाग के अमले द्वारा वितरण भी कराया जा रहा है।



## एडवांस्ड इंडस्ट्रियल हाइड्रॉलिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

भिलाई, 8 जुलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, दुर्ग के सहयोग से तीन दिवसीय एडवांस्ड इंडस्ट्रियल हाइड्रॉलिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को हाइड्रॉलिक प्रणालियों के संचालन, अनुरक्षण एवं समस्या-विश्लेषण से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कक्षा आधारित प्रशिक्षण के साथ हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सत्रों के माध्यम से उन्हें वास्तविक औद्योगिक परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण में औद्योगिक सुरक्षा, निवारक अनुरक्षण प्रणाली तथा बदलती औद्योगिक तकनीकों को अपनाने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य व्यवहार और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

## महिला दीदियों को मिले सुरक्षा उपकरण, आयुक्त के निर्देश पर बढ़ाई सफाई कर्मियों की सुरक्षा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जुलाई ।** नगर निगम ने स्वच्छता कार्य में जुटी महिला कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जोन-4 खुर्सीपार के वार्ड क्रमांक-42 स्थित गौतम नगर एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत महिला दीदियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जोन आयुक्त येशा लहरे ने महिला स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग दुर्घटनाओं और संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम करता है।

उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य सफाई कर्मियों को सुरक्षित और बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग और उनकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उप अभियंता बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने टाउनशिप में माप-जोख कर शुरू किया व्यापक सर्वे अभियान



**भिलाई, 8 जुलाई ।** नगर निगम ने संपत्तिकर निर्धारण एवं कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में पहल करते हुए बीएसपी क्षेत्र में निर्मित भवनों एवं भूमियों के व्यापक सर्वे अभियान की शुरुआत की है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत भवनों का वास्तविक माप-जोख कर संपत्तिकर निर्धारण का आधार तैयार किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत सेक्टर-6 स्थित एम.जी.एम. स्कूल के समीप एवेन्यू-ए सड़क पर स्थित भवनों के सर्वे से की गई। निगम की टीम द्वारा प्रत्येक भवन का वास्तविक क्षेत्रफल, निर्माण की स्थिति तथा अन्य आवश्यक जानकारियों का संकलन किया जा रहा है। आगामी दिनों में बीएसपी क्षेत्र के अन्य सेक्टरों में भी चरणबद्ध तरीके से सर्वे अभियान चलाया जाएगा। सर्वे कार्य के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रहलाद लहरे सहित राजस्व अमला के गणित बघेल, टेकराम हरिन्द्रवार और प्रकाश महलवार उपस्थित रहे। टीम ने मौके पर भवनों का मापन कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए।

## संक्षिप्त समाचार

### शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, छात्राओं को मिली साइकिल

**राजनांदगांव,8जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़).** ग्राम धामनसरा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव का बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत ने की। इस अवसर पर जिला



पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, अग्रेश्वर देशमुख, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और स्वच्छता गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं। साथ ही पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव प्रारंभिक शिक्षा से ही मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निःशुल्क पुस्तक, गणवेश और साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में प्राचार्य अंजय मसीह, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 1667.7 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव ,8जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़).** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1667.7 मिमी बारिश एवं औसत 238.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 265.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 286.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 324.4 मिमी, घुमका तहसील में 112.5 मिमी, छुरिया तहसील में 199.6 मिमी, कुमरदा तहसील में 255.3 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 224.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 324.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 544.6 मिमी एवं औसत 77.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 89.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 85 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 118.6 मिमी, घुमका तहसील में 63.5 छुरिया तहसील में 69.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 50 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 68.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 118.6 मिमी दर्ज की गई है।

### दिग्विजय क्लब के पास मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव, ,8जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़).** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने दिग्विजय क्लब के पास युवक से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप, डंडा तथा ऑटो वाहन क्रमांक CG 08 AS 5188 भी जब्त किया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी पी. ललित थाना सिटी कोतवाली का सूचीबद्ध गुंडा-बदमाश है, जिसके विरुद्ध पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके परिचित अरमान खान, पी. ललित और तेजकरण भट्ट ने दिग्विजय क्लब के पास शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर तीनों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लोहे के पाइप, डंडे तथा लात-घूंसों से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली ने अपराध क्रमांक 334/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) एवं 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार साह के नेतृत्व में गठित टीम ने 6 जुलाई को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप, डंडा और ऑटो वाहन जब्त किया गया। इसके बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया.




# राज्य सरकार के नीतिगत सुधारों एवं नवाचारों से राजस्व प्रशासन में आया सकारात्मक बदलाव : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,8 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रशासनिक सुधारों, तकनीक आधारित नवाचारों तथा नागरिकों एवं किसानों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट नीति राजस्व प्रशासन को पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचारमुक्त बनाना है। राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नागरिकों को बिना अनावश्यक कार्यालयीन आवागमन के गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में डिजिटल किसान किताब एवं भूमि संबंधी दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका तथा भूमि संबंधी अन्य जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से सहज रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि उन्हें तहसील अथवा पटवारी कार्यालय जाने



की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सीधे आमजन एवं किसानों के जीवन से जुड़ा विभाग है, इसलिए शासन के सभी सुधारों एवं नवाचारों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 की ऑनलाइन व्यवस्था एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिसके लागू होने पर आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा संपूर्ण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध होगी। उन्होंने अविवादित फौती नामांतरण की प्रक्रिया पंचायतों के माध्यम से संपादित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष बल देते हुए सीमांकन प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों की जिला-वार नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नकल शाखा को पूर्णतः ऑनलाइन करने के लिए इस परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत राज्य के सभी जिला एवं तहसील कार्यालयों के महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों का एकीकृत डिजिटल अभिलेखागार विकसित किया जाएगा। इससे प्रमाणित अभिलेखों का निर्गमन कुछ ही मिनटों में संभव होगा तथा अभिलेखों में छेड़छाड़ की संभावनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने असर्वेक्षित ग्रामों, विशेषकर अबूझमाड़ क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व अभिलेख तैयार हो सकें, भूमि अभिलेख अद्यतन हों तथा स्थानीय नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टों की प्रविष्टि एवं नामांतरण, पट्टाधृति अधिनियम-2023 के प्रभावी क्रियान्वयन, एग्री स्टैक, फार्मर रजिस्ट्री एवं एक्सेम्प्टेड कैटेगरी फार्मर रजिस्ट्री की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने आगामी खरीफ सीजन के डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण नहीं, बल्कि नागरिकों को तेज, पारदर्शी, जवाबदेह एवं विश्वासपूर्ण राजस्व व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नीतिगत सुधारों एवं नवाचारों से राजस्व प्रशासन में सकारात्मक परिवर्तन आया है और इसे और अधिक प्रभावी बनाना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## जामरी नहर लाइनिंग में अनियमितता पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**राजनांदगांव,8जुलाई।** जिले के जामरी डायवर्सन नहर लाइनिंग कार्य में कथित अनियमितताओं और घटिया निर्माण गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। पिछले एक वर्ष से लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद जल संसाधन विभाग द्वारा न तो स्थल निरीक्षण कराया गया और न ही कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण नहर लाइनिंग पहली ही बारिश और पानी के बहाव में दोबारा क्षतिग्रस्त हो गई। इसी मुद्दे को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



जामरी डायवर्सन नहर लाइनिंग कार्य में कथित रूप से बरती गई अनियमितताओं और निर्माण गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू से ही गुणवत्ता विहीन रहा है जिसकी शिकायत पिछले एक वर्ष से लगातार संबंधित अधिकारियों और विभाग को दी जा रही है। इसके बावजूद आज तक न तो कार्य का स्थल निरीक्षण कराया गया और न ही भौतिक सत्यापन किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की उदासीनता और लापरवाही का परिणाम यह हुआ कि नहर की लाइनिंग पानी के बहाव में पुनः बह गई। इससे शासन की राशि का दुरुपयोग होने के साथ-साथ किसानों और आम जनता के हित भी प्रभावित हुए हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते विभाग द्वारा शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच कराई जाती तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इसी गंभीर मामले को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण जल संसाधन विभाग, राजनांदगांव पहुंचे और कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जामरी डायवर्सन नहर लाइनिंग कार्य का तत्काल स्थल निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाए निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए तथा ग्रामीणों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।ग्रामीणों ने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है।

## राजस्व विभाग ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों का किया सम्मान

**रायपुर,8 जुलाई।** नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में भव्य "राजस्व सम्मान समारोह" आयोजित किया गया। समारोह में सभापति सूर्यकांत राठौड़, राजस्व विभाग के भारसाधक अवतार सिंह बागल, आयुक्त संबित मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया गया कि नगर निगम ने जीआईएस आधारित ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली, ड्रोन सर्वे, यूनिक प्रॉपर्टी आईडी, डिजिटल डोर नंबर और क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं लागू कर संपत्ति कर प्रशासन को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया है।

ऑनलाइन कर निर्धारण की प्रक्रिया 48 घंटे से घटकर लगभग 2 मिनट तक पहुंच गई है। अतिथियों ने कहा कि मजबूत राजस्व व्यवस्था किसी भी नगर निगम की आर्थिक आत्मनिर्भरता का आधार होती है। तकनीक आधारित नवाचारों से कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और नागरिकों को सरल व पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं।



समारोह में जोन-5 को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम, जोन-6 को द्वितीय और जोन-1 को तृतीय स्थान का सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा राजस्व अधिकारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आईटी, जीआईएस, बाजार टीम तथा बैंकिंग सहयोगी संस्थाओं सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभाग द्वारा अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन नामांतरण, रियल-टाइम टैक्स कैलकुलेशन और डिजिटल भुगतान जैसी उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। अंत में सभी अतिथियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी नवाचार और उत्कृष्ट कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

## जिला अस्पताल में जलभराव,पीडब्ल्यूडी की लापरवाही पर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,8 जुलाई।** लगातार हो रही बारिश के बीच लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कथित लापरवाही का खामियाजा अब जिला चिकित्सालय को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में जलभराव की स्थिति बनने से बारिश का पानी एक्स-रे कक्ष तक पहुंच गया जिससे लाखों रुपये की एक्स-रे मशीन के खराब होने की आशंका गहरा गई है। मामले को लेकर क्षेत्र के भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने अस्पताल का निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की।

मानसून की पहली तेज बारिश ने एक बार फिर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के निर्माण एवं रखरखाव कार्यों की पोल खोल दी है। जिला चिकित्सालय में हुई बारिश के कारण अस्पताल परिसर में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि बारिश का पानी अस्पताल के एक्स-रे कक्ष तक पहुंच गया जिससे वहां स्थापित महंगी एक्स-रे मशीन के खराब होने का खतरा उत्पन्न हो गया। यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो



मरीजों की जांच व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र के जुझारू भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने सोमवार सुबह लगभग 9 बजे जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अस्पताल की स्थिति देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर इस प्रकार का जलभराव होना गंभीर लापरवाही का प्रमाण है। यदि समय रहते उचित रखरखाव और जल निकासी की व्यवस्था की गई होती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। श्री श्यामकर ने कहा कि अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जलभराव से न केवल मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित होने की आशंका है। विशेष रूप से एक्स-रे मशीन तक पानी पहुंचना बेहद गंभीर मामला है। यदि मशीन खराब होती है तो मरीजों को आवश्यक जांच के लिए भटकना पड़ेगा और स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने आशंका जताई कि यदि आने वाले दिनों में फिर से तेज बारिश होती है और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। इससे अस्पताल के अन्य वार्डों एवं महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियों की बुकिंग अब पूरी तरह ऑनलाइन

**रायपुर, 8 जुलाई.** रायपुर विकास प्राधिकरण (आर.डी.ए.) ने नागरिकों की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए अपनी संपत्तियों की बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब इच्छुक नागरिक बिना कार्यालय आए घर बैठे ही प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपत्तियों की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन एवं बुकिंग कर सकेंगे। प्राधिकरण ने प्रथम चरण में लगभग 121 आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों को ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध कराया है। इनमें कमल विहार तथा रावभाटा सहित प्राधिकरण की प्रमुख योजनाओं की संपत्तियां शामिल हैं। कमल विहार में आवासीय फ्लैट, आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड उपलब्ध हैं, जबकि रावभाटा में व्यावसायिक संपत्तियां बुकिंग के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के हितग्राहियों के लिए भी आवासीय संपत्तियों का निर्माण किया गया है, ताकि प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को उनकी आवश्यकता और सामर्थ्य के अनुरूप आवास उपलब्ध कराया जा सके। ऑनलाइन बुकिंग सुविधा के साथ अब हितग्राही घर बैठे ही वेबसाइट के माध्यम से मेंटेनेंस शुल्क का ऑनलाइन भुगतान भी कर सकेंगे।

## क्रेशर खदान से लोहे के 86 रोलर चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार-भाटापारा,8 जुलाई।** जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुहेला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मल्दी माइंस क्रेशर खदान से लोहे के रोलर चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 86 लोहे के रोलर तथा वारदात में प्रयुक्त टाटा पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार एमएसएफ एजेंसी, अंबुजा सीमेंट खदान के कर्मचारी प्रेमलाल सरदार (53) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 जून 2026 की रात करीब 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात आरोपी मल्दी माइंस क्रेशर खदान क्षेत्र से लगभग 25 हजार रुपये मूल्य के




86 लोहे के रोलर टाटा पिकअप वाहन (सीजी 12 बीजे 5619) में भरकर चोरी कर ले जा रहे थे। पीछा किए जाने पर घबराहट में पिकअप वाहन पलट गया, जिसके बाद आरोपी चोरी का सामान और वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। मामले में थाना सुहेला में अपराध क्रमांक 117/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पहले गिरफ्तार आरोपी गुपेश साहू ने पूछताछ में अपने साथी तुलसी यादव तथा अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में थाना सुहेला पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश तेज करते हुए मुखबिरों की सूचना पर घेराबंदी कर तुलसी यादव, सोहन ध्रुव और मनीष ध्रुव को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सभी 86 लोहे के रोलर तथा वारदात में प्रयुक्त टाटा पिकअप वाहन जब्त कर लिया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

**गिरफ्तार आरोपी**-तुलसी यादव (20 वर्ष), निवासी मल्दी, थाना सुहेला। सोहन ध्रुव (21 वर्ष), निवासी मल्दी, थाना सुहेला।मनीष ध्रुव (22 वर्ष), निवासी मल्दी, थाना सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड एवं अन्य संस्थाओं में नियुक्तियों पर दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर 8 जुलाई.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के विभिन्न निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड, समिति एवं अन्य संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी होने पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर श्री गौरीशंकर श्रीवास तथा सदस्य पद पर श्री देवशरण सेन, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में डॉ. श्रीमती ममता साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद पर श्री रामलाल चौहान, उपाध्यक्ष पद पर श्री वेदराम मनहरे एवं सदस्य के रूप में श्री सौरभसिंह जागृत, श्री दुर्गा महेश्वर तथा श्री दयावंत धर बांधे की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर श्री आनंद



निषाद तथा सदस्य पद पर श्री नेतराम निषाद, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मण्डल रायपुर के अध्यक्ष पद पर श्री राजेश कुमार राजपूत तथा सदस्य पद पर श्रीमती सुमन मुथा एवं शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर श्री राजेन्द्र नायक तथा सदस्य के रूप में श्री बसंत पटेल, श्री प्रेमलाल पटेल, श्री संतोष पटेल और श्री प्रेम पटेल की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष पद पर श्री सुधीर गौतम, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य पद पर श्री मनमथ नाथ शर्मा तथा छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के सदस्य पद पर श्रीमती प्रसन्ना अवस्थी की नियुक्ति की गई है। रायपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर डॉ. जे.पी. शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष पद पर श्री किशोर महानंद, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष पद पर श्री आनंद कुमार तिवारी (श्री राजीव लोचन दास महाराज) तथा छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष पद पर श्री मंगल दास ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी जनसेवा, सुशासन और लोककल्याण के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई गति प्रदान करेंगे।

## ट्रस्ट की बैठक के बाद भी राजनीति तो चलती रहेगी

राम मंदिर दान चोरी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप तो मामला सामने के बाद से जारी है और इस मामले में राजनीति यूपी चुनाव तक चलने वाली है। क्योंकि भाजपा,संघ,विहिप व यूपी सरकार वही काम नहीं कर रहे हैं जो विपक्ष चाहता है, वह तो वही काम कर रहे हैं जो विपक्ष नहीं चाहता है, विपक्ष एसआईटी की जांच नहीं चाहता है, यूपी सरकार,भाजपा यही कर रही है।विपक्ष चाहता है कि ट्रस्ट के लोगों को सजा मिले और यूपी सरकार व भाजपा यही नहीं कर रही है,इससे विपक्ष को राजनीति करने का मौका मिलता रहेगा क्योंकि वह तो आरोप लगाता रहेगा कि बड़े लोगों को बचाने के लिए छोटो लोगों को पकड़ा गया है और उनके खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है जबकि ट्रस्ट से जुड़े बड़े लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।विपक्ष चाहता है कि इस मामले में संघ व विहिप के बड़े लोगों का नाम आया है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उनको बचाया नहीं जाना चाहिए इससे विपक्ष को आरोप लगाने का मौका मिलेगा कि इनके लिए धर्म नहीं धन बड़ा हो गया है,यह भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं है यानी मौका मिलता है तो यह भी भ्रष्टाचार करते हैं। बड़ा इंतजार किया जा रहा था राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक का।६ जुलाई को हुई बैठक में तो ऐसा कुछ हुआ नहीं कि लोगों को संतोष हो इस मामले में कुछ खास किया गया है।कोई बड़ा फैसला लिया गया है।जो उम्मीद की जा रही थी वही फैसले लिए गए हैं। बैठक में तीन फैसले लिए गए हैं। एक बैठक में चंपत राय और अनिल कुमार मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।दूसरा फैसला यह किया गया है कि पूर्व आईएफएस अधिकारी कृष्णमोहन को ट्रस्ट का अंतरिम महासचिव बना दिया जाए,तीसरा फैसला अयोध्या में राम मंदिर के रोज के कामकाज की निगरानी के लिए सीईओ नियुक्त किया जाए। बैठक में ट्रस्ट ने माना कि दान चोरी की घटना से ट्रस्ट की छवि को नुकसान हुआ है।इसलिए भक्तों का भरोसा फिर से मजबूत करना जरूरी है।बैठक मे अच्छी बात यह है अब घोषणा की गई है कि भक्त जो भी कीमती सामान मंदिर को दान करेंगे,उसका वैरीफिकेशन किया जाएगा और भक्त जब देखना चाहेगा, उसे देख सकेगा।उन वस्तुओं को दिखाया गया बताया जा रहा था कि जिनका पता नहीं है। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने यह तो नहीं बताया कि कितने दान की चोरी हुई है लेकिन यह जरूर बताया कि ३१ मार्च २६ तक ५८२ करोड़ रुपए की चढ़ावा मिला जिसमें से ३९१ करोड़ रुपए ट्रस्ट के संचालन और अन्य कार्यों में खर्च किया गया है और शेष राशि बैंक में है।बैठक में यह भी कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति,संस्था या पत्रकार के पास मंदिर दान में अनियमितता का कोई ठोस प्रमाण है तो एसआईटी को दे।कोषाध्यक्ष ने माना है कि दान पेटियों से चोरी हुई है और यह गहरा दर्द,शर्मिंदगी का विषय है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए चंपत राय की सराहना की और यह भी कहा है कि वह मेरी नजर में बेदाग हैं।बताया जाता है कि एसआईटी की रिपोर्ट में जहां ट्रस्ट के सदस्य अनिल कुमार मिश्र पर आरोप लगाए गए है, वहीं चंपतराय का उल्लेख नहीं है।इससे तो विपक्ष को आरोप लगाने का मौका मिलेगा कि एसआईटी की जांच तो अपने लोगों को बचाने के लिए कराई गई है और वही होता दिख रहा है। अखिलेश यादव तो इस मामले में भाजपा को निशाने पर रखा है और निरंतर भाजपा पर हमला कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने कहा है कि राम मंदिर के कथित दान चोरी के मामले की जांच सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेसी को सौपने के बजाय विशेष जांच दल को इसलिए सौंप दिया गया कि भाजपा के अंदर आतंरिक संघर्ष चल रहा है।यही वजह है कि अखिलेश एसआईटी की जांच का शुरू से विरोध कर रहे हैं।कांग्रेस ने तो राम मंदिर ट्रस्ट भंग करने की मांग की है तथा ट्रस्ट की बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह बैठक तो दान चोरी करने वालों को बचाने के लिए बुलाई गई है। कांग्रेस का कहना है कि यदि ट्रस्ट वाकई में जांच चाहता है तो ट्रस्ट को ही भंग कर देना चाहिए। राम मंदिर दान चोरी के मामले में कांग्रेस का कहना है कि आस्था के नाम पर लोगों की भावनाओं का राजनीतिक व आर्थिक लाभ उठाया गया है।यदि विहिप वास्तव में राम मंदिर की पवित्रता को लेकर गंभीर है तो अपने संगठन से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग क्यों नहीं कर रही है। कांग्रेस को विहिप के खिलाफ बोलने का मौका मिला है तो उसके लिए विहिप भी तो दोषी है।उसे यह बयान देने की जरूरत नहीं थी कि चंपत राय व अनिल मिश्र के ट्रस्ट से इस्तीफा देने के बाद विहिप उनके साथ मजबूती से खड़ा है। विहिप ने यह भी कहा है कि दोनों ने मामले में इस्तीफा देकर नैतिकता उच्च मानक स्थापित किया है। विहिप का यह भी कहना है कि आरोप लगा देने से कोई दोषी साबित नहीं हो जाता है। मामले की जांच एसआईटी कर रही है।विहिप का एसआईटी व ट्रस्ट पर पूरा भरोसा है। विहिप के इस बयान से तो विपक्ष को कहने का मौका मिलता है कि विहिप व भाजपा बड़े लोगों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और एसआईटी बनाई इसीलिए गई है।यूपी के सीएम योगी ने कहा है कि १५ दिन में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा, लोग इंतजार कर रहे हैं कि कब दूध का दूध व पानी का पानी होता है। लोग इस बात से तो संतुष्ट नहीं हो सकते कि चोरी करने वालों को सजा मिले और चोरी न रोक पाने वाले मात्र इस्तीफा देकर बच जाएं। जनता तो चाहती है कि इस पाप में भागी बड़ा हो या छोटा हो सबको सजा मिलनी चाहिए।

**विश्लेषण**

# विकसित भारत–जी रामजी योजना: बड़े वादे, बड़ा बजट और राज्यों के सामने बड़ी परीक्षा

**अशोक कुमार साहू**



देश में एक जुलाई से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह 'विकसित भारत–जी रामजी योजना' लागू कर दी गई है। केंद्र सरकार इसे ग्रामीण रोजगार और विकास के क्षेत्र में एक बड़े सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है। योजना के तहत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 कर दिया गया है, डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया गया है और ग्रामीण आधारभूत ढांचे के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है। लेकिन इन तमाम दावों के बीच सबसे बड़ा सवाल राज्यों की 40 प्रतिशत वित्तीय हिस्सेदारी को लेकर उठ रहा है। आर्थिक दबाव से गुजर रहे कई राज्यों के लिए इस अतिरिक्त बोझ को वहन करना आसान नहीं होगा। इसलिए इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता काफी हद तक राज्यों की वित्तीय क्षमता और केंद्र-राज्य समन्वय पर निर्भर करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई श्रमिक काम की मांग करता है तो उसे 15 दिनों के भीतर रोजगार देना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं होने पर संबंधित व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मजदूरी का भुगतान भी 15 दिनों के भीतर करने की व्यवस्था की गई है और भुगतान में देरी होने पर ब्याज देने का प्रावधान रखा गया है। सरकार का दावा है कि डिजिटल जॉब कार्ड, तकनीक आधारित कार्य प्रबंधन प्रणाली, ऑनलाइन निगरानी और सामाजिक अंकेक्षण जैसी व्यवस्थाओं से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। नई योजना का फोकस केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़क निर्माण, वृक्षारोपण और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार के नए अवसर तैयार करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ग्राम सभाओं और ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के चयन में पहले से अधिक अधिकार देने की बात



कही गई है ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन हो सके।

आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के मुक्कावरिपल्ली गांव से योजना का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल रोजगार के दिनों में वृद्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की सोच में बदलाव है। उनके अनुसार पहले ही वर्ष में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी और राज्यों की 40 प्रतिशत भागीदारी जोड़ने पर कुल वार्षिक व्यय लगभग 1.51 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। अगले पांच वर्षों में इस योजना पर लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार का दावा है कि इसका सीधा लाभ देश की 2.86 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। योजना के बेहतर संचालन के लिए प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। इसके तहत ग्राम रोजगार सहायकों, मेट्स और अन्य जमीनी कर्मचारियों के वेतन एवं सुविधाओं पर लगभग 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि यदि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को समय पर उचित भुगतान मिलेगा तो पूरी व्यवस्था अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगी। इसके साथ ही न्यूनतम मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करने की घोषणा भी की गई है।

हालांकि योजना की सबसे बड़ी बहस राज्यों की 40 प्रतिशत वित्तीय हिस्सेदारी को लेकर है। मनरेगा में श्रमिकों की मजदूरी का अधिकांश भार केंद्र सरकार उठाती थी, जबकि नई व्यवस्था में कुल व्यय का केवल 60 प्रतिशत केंद्र और शेष 40 प्रतिशत राज्यों को वहन करना होगा। विपक्ष का आरोप है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा और कई राज्यों के लिए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कठिन हो सकता है। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र सरकार पहले की तरह 90 प्रतिशत खर्च वहन करेगी। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इस नई व्यवस्था का विरोध किया है। उनका कहना है कि मनरेगा व्यापक राजनीतिक सहमति और जन-विमर्श के बाद लागू किया गया था, जबकि नई योजना पर पर्याप्त चर्चा नहीं हुई। विपक्ष का यह भी आरोप है कि योजना का अधिकांश नियंत्रण केंद्र सरकार के हाथों में रहेगा, जबकि वित्तीय जिम्मेदारी राज्यों पर डाल दी गई है। उनका तर्क है कि इससे पंचायतों की स्वायत्तता भी प्रभावित हो सकती है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने भी नई योजना पर कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि 125 दिनों के रोजगार का प्रावधान किया गया है, लेकिन उसे मनरेगा जैसी मजबूत कानूनी गारंटी प्राप्त नहीं है। उनके अनुसार जब मनरेगा के तहत भी बहुत कम परिवारों को पूरे 100 दिन का रोजगार मिल पाता था, तब केवल रोजगार अवधि बढ़ा देने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। उनका मानना है कि नई योजना लाने के बजाय भुगतान प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता थी।

मजदूरी दर को लेकर भी विशेषज्ञों की अलग राय है। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन तय की है, लेकिन देश के अनेक राज्यों में सामान्य कृषि और निर्माण कार्यों की मजदूरी इससे कहीं अधिक है। ऐसे में कई क्षेत्रों में यह योजना श्रमिकों को पर्याप्त रूप से आकर्षित नहीं कर पाएगी। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में मनरेगा के प्रति भी श्रमिकों का रुझान कई इलाकों में कम होता गया था।

कुल मिलाकर, 'विकसित भारत–जी रामजी योजना' में रोजगार अवधि बढ़ाने, डिजिटल प्रबंधन, पारदर्शिता और ग्रामीण विकास जैसे कई सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। लेकिन किसी भी योजना की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। यदि राज्यों को पर्याप्त वित्तीय सहयोग मिलता है, मजदूरी दर को समय-समय पर बाजार की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित किया जाता है और ग्राम पंचायतों की भूमिका तथा श्रमिकों के अधिकार व्यवहारिक रूप से सुरक्षित रखे जाते हैं, तो यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकती है। अन्यथा, बड़े बजट और बड़े दावों के बावजूद इसे भी उन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जिनसे पूर्ववर्ती योजनाएं जूझती रही हैं।

## सू- दोकू क्र.093

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.092 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -093

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गैरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 092 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सतलुज फिल्म की कहानी और जसवंत सिंह खालड़ा का वो अनकहा काला सच

**अजय कुमार**



पंजाब के इतिहास के पन्नों में कुछ अध्याय ऐसे दर्ज हैं जिन्हें चाहकर भी मिटाया नहीं जा सकता, फिर चाहे उस पर कितने ही पर्दे क्यों न डाले जाएं। बीते शुक्रवार, 3 जुलाई को जब अचानक बिना किसी पूर्व सूचना या शोर-शराबे के ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'सतलुज' रिलीज हुई, तो फिल्म जगत और दर्शकों के बीच हलचल मच गई। चार साल से सेंसर बोर्ड की फाइलों में दबी और 'पंजाब 95' से 'सतलुज' बनी यह फिल्म किसी चमत्कार से कम नहीं थी। लेकिन दर्शकों का यह कौतूहल और खुशी महज 48 घंटों की मेहमान साबित हुई। जी5 ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी कि 'मौजूदा डेवलपमेंट्स' के कारण भारत में इस फिल्म की स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी गई है। यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी फिल्म के साथ ऐसा हुआ हो, लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस फिल्म में ऐसा क्या है, जिसकी वजह से इसे बार-बार प्रतिबंधित या सेंसर किया जा रहा है? फिल्म की पटकथा जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है। खालड़ा का नाम सुनते ही पंजाब के उस दौर की रोंगटे खड़े कर देने वाली यादें ताजा हो जाती हैं, जब राज्य उग्रवाद की आग में झुलस रहा था। उस दौरान पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर जो सवाल खड़े हुए, उन्हें जसवंत सिंह खालड़ा ने अपनी जान जोखिम में डालकर सार्वजनिक किया था। फिल्म के शुरुआती दृश्य बेहद विचलित करने वाले हैं, जिनमें पुलिस द्वारा एनकाउंटर के बाद शवों को काटकर सतलुज नदी में बहाते हुए दिखाया गया है। इसका उद्देश्य केवल एक था सबूतों को मिटाना। जसवंत सिंह खालड़ा का किरदार निभाते हुए दिलजीत दोसांझ ने उस शख्स के जज्बे और दर्द को पर्दे पर उतारा है, जिसने अपने एक लापता साथी की तलाश में जो सच पाया, वह मानवता को शर्मसार कर देने वाला था। खालड़ा ने जब जांच शुरू की, तो उन्हें पता चला कि जिन लोगों को पुलिस ने 'लावारिस' बताकर श्मशान घाटों में चुपचाप जला दिया, उनके परिवार वाले उन्हें सालों से 'लापता' मानकर दर-दर भटक रहे थे। केवल एक श्मशान घाट के रिकॉर्ड की जांच में खालड़ा को 600 ऐसे मामले मिले। अपनी गहन पड़ताल के आधार पर उन्होंने दावा किया था कि उस दौर में पंजाब पुलिस ने करीब 25,000 लोगों को इसी तरह गैर-कानूनी तरीके से 'लावारिस' घोषित कर मार डाला। यह केवल एक आरोप नहीं था, बल्कि खालड़ा ने अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर भारतीय अदालतों तक इस मुद्दे को उठाया। इस लड़ाई का नतीजा यह निकला कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और सीबीआई जांच के आदेश हुए। सीबीआई की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि केवल तरण-तारण जिले में ही 2,097 लोगों का पुलिस ने गैर-कानूनी तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया था। इस सच को सामने लाने की कीमत जसवंत सिंह खालड़ा को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। 1995 में उन्हें उनके घर के सामने से अपहरण कर लिया गया और फिर वे कभी वापस नहीं लौटे। 2005 और 2007 में अदालती फैसलों ने उन पुलिस अधिकारियों को दोषी करार दिया जिन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया था।

अब सवाल यह उठता है कि क्या यह कहानी अनसुनी है? नहीं, यह इतिहास का हिस्सा है, यह मल्लिका कौर की पुस्तक 'फेथ, जेंडर, एंड एक्टिविज्म इन द पंजाब कॉन्फ्लिक्ट' में दर्ज है और कोर्ट के दस्तावेजों में भी मौजूद है। फिर फिल्म को 'सेंसिटिव' बताकर क्यों रोका जा रहा है? फिल्म की टीम ने यहां एक बहुत ही बारीक संतुलन बनाया है। यह फिल्म किसी एक राजनीतिक दल या विचारधारा को निशाना नहीं बनाती, बल्कि उस दौर में सत्ता और वर्दी के दुरुपयोग के उस वीभत्स चेहरे को दिखाती है, जिसने अनगिनत परिवारों को तबाह कर दिया। फिल्म में कहीं भी यह तर्क नहीं दिया गया है कि मारे गए सभी लोग बेकसूर थे, लेकिन यह प्रश्न जरूर खड़ा किया गया है कि क्या पुलिस को यह अधिकार है कि वह न्याय प्रक्रिया को दरकिनार कर खुद ही जज, जूरी और जल्लाद बन जाए? फिल्म में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का एंगल भी बेहद महत्वपूर्ण है। फिल्म दिखाती है कि कैसे पुलिस ने उस आत्मघाती हमलावर के पूरे परिवार को उग्रवाद के समर्थन के शक में खत्म कर दिया। असल जिंदगी में भी मुख्यमंत्री की हत्या में शामिल रहे लोग पंजाब पुलिस के ही कांस्टेबल थे, और यह तथ्य पिछले तीन दशकों से पंजाब की राजनीति और सामाजिक चर्चाओं का एक बहुत ही जटिल हिस्सा रहा है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी का किरदार फिल्म में दिखाया गया है, जो वास्तविक जीवन के एक चर्चित पुलिस अधिकारी से मिलता-जुलता है। अगर सिनेमा को फिक्शन में रियल किरदारों का गौरवगान करने का अधिकार है, तो क्या उसे समाज के लिए आईना दिखाने वाले विवादित तथ्यों को पर्दे पर लाने का हक नहीं है? 'सतलुज' को प्रतिबंधित करने का यह कदम उन दर्शकों में भारी निराशा और आक्रोश पैदा कर रहा है, जिन्होंने इसे देखा है। सोशल मीडिया पर लोग उन कहानियों को साझा कर रहे हैं जो उनके परिवारों ने उस दौर में झेली थीं। यह फिल्म महज एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि उन लोगों के लिए एक मरहम है जिनके घाव आज भी हरे हैं। फिल्म यह एहसास कराती है कि उनका दर्द दुनिया ने देखा है। जो 48 घंटे यह फिल्म प्लेटफॉर्म पर रही, इसने एक गहरी संवेदना जगाई पहले उस बर्बरता को देखकर लोग हैरान हुए, और फिर जब उन्हें पता चला कि यह सब असल में हुआ था, तो वे स्तब्ध रह गए।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि सेंसरशिप का यह खेल केवल उस सच को दबाने की कोशिश है जो सत्ता के गलियारों में असहजता पैदा करता है। जिस दौर में हम सूचनाओं के युग में जी रहे हैं, वहां किसी फिल्म को 'सेंसिटिव' बताकर हटा देना केवल लोगों के गुस्से को और भड़काता है। फिल्म 'सतलुज' कोई अलगाववादी एजेंडा नहीं चलाती, यह केवल एक ऐसे शख्स की कहानी है जिसने निडर होकर कानून के रक्षकों द्वारा किए गए अवैध कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाई। अगर यह फिल्म राजनीतिक तौर पर किसी को नुकसान पहुंचाती भी है, तो वह केवल उन्हीं को जिनका अतीत इन काले कारनामों से जुड़ा है। एक लोकतांत्रिक देश में, जहाँ अभिव्यक्ति की आजादी की बातें होती हैं, वहां इस तरह का प्रतिबंध लगाना उस त्रासदी को एक बार फिर से जीवित कर देता है जो दशकों पहले घटित हुई थी। यह फिल्म केवल एक आदमी की बहादुरी की गाथा नहीं है, यह उन अनगिनत लोगों की आवाज है जो सिस्टम के शोर में दबकर रह गए थे। इसे रोककर, सिस्टम ने अनजाने में इस फिल्म और इसकी कहानी को और भी ज्यादा चर्चित बना दिया है, क्योंकि सच को पर्दे के पीछे छुपाना नामुमकिन है, वह किसी न किसी रास्ते से बाहर आ ही जाता है।

## जुगाड़ के अस्तबल में रेशमी गधे

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

वह जो नुक्कड़ वाले शर्मा जी हैं न, उनके चेहरे पर कल सुबह से एक अजीब सी रूहानी चमक तैर रही है। कल ही उनके सुपुत्र को शहर के सबसे नामी कॉलेज में 'सहानुभूति कोटे' से दाखिला मिला है। दाखिला तो खैर क्या मिला, विधाता ने उनकी सात पीढ़ियों के पाप एक झटके में धो दिए। शर्मा जी लाठी टेककर गली-गली इस तरह इठलाते घूम रहे हैं जैसे उन्होंने मुग़ल सल्तनत का आखिरी किला फतह कर लिया हो। उनका सीना छप्पन इंच से बढ़कर सीधे कुतुब मीनार की ऊंचाई को छूने लगा है। समाज का दस्तूर भी बड़ा कातिल है हुजूर, जब तक जेब में सिक्का खनकता नहीं, तब तक लोग आपकी खंकार को भी बदतमीजी मान लेते हैं। मगर आज वही शर्मा जी जब सरेराह पान की पीक थूकते हैं, तो मोहल्ले के बुद्धिजीवी उसमें भी कलात्मकता और आधुनिक विद्रोही चेतना की तलाश करने लगते हैं। यह नए जमाने का नया शास्त्र है, जहां असफलता को यदि चाशनी में डुबोकर बेचा जाए, तो लोग उसे ईश्वरीय प्रसाद मानकर माथे से लगा लेते हैं। हमारे देश में तरक्की का पैमाना अब अक्ल से नहीं, बल्कि इस बात से तय होता है कि आप अपनी बेअक्ली को कितने ऊंचे सुर में गा सकते हैं। जिस लड़के ने जीवन भर सिर्फ मोबाइल की स्क्रीन पर अंगूठे घिसे हों, वह अचानक ज्ञान का ऐसा कल्पवृक्ष बन जाता है कि बड़े-बड़े धुरंधर उसके सामने पानी भरने लगते हैं। डिग्रियों के इस थोक बाजार में मेधावी बच्चे दीवारों पर सिर पटक रहे हैं और जुगाड़ू लोग मलाई काट रहे हैं। कुम्हार का गधा भी अगर रेशमी झूल ओढ़ ले, तो लोग उसे अस्तबल का सबसे शरीफ घोड़ा मानने को मजबूर हो जाते हैं। व्यवस्था की मेज पर बैठे हुक्मरान ऐसी फाइलें तैयार करते हैं जिनमें भुखमरी का इलाज केवल विज्ञापनों की रंगीन तस्वीरों में ढूंढ लिया जाता है। असलियत यह है कि जब तक आम आदमी की रीढ़ की हड्डी को तोड़कर उसे सीधा खड़ा होने का हुनर सिखाया जाएगा, तब तक ऐसी ही चमत्कारिक सफलताएं चौराहों पर नाचती रहेंगी। चाय की टपरी पर बैठे मुंशी जी कल कह रहे थे कि कलयुग में सच बोलना वैसा ही है जैसे जलती भट्टी में नंगे बदन कूद जाना। उनकी बात में जो कड़वाहट थी, वह दरअसल उनके अपने अनुभवों की सड़ी हुई फसल थी। आज के दौर में ईमानदारी एक ऐसा पुराना सिक्का बन चुकी है जिसे भिखारी भी लेने से मना कर देता है। अगर आपको इस रंगमंच पर टिकना है, तो अपने जमीर को किसी कबाड़ी की दुकान पर गिरवी रखना ही होगा। जो जितना बड़ा बगुला भगत है, उसकी कद्र उतनी ही ज्यादा है। गंगा नहाने से पाप धुलते हैं या नहीं, यह तो विधाता जाने, पर हां, सफेद कुर्ते-पाजामे की क्रीज अगर दुरुस्त हो, तो समाज आपके हर काले कारनामे को शिष्टाचार का नाम दे देता है। लोग भेड़चाल के इस कदर आदी हो चुके हैं कि अगर आगे वाला कुएं में कूदेगा, तो पीछे वाले अपनी बारी के लिए बकायदा कतार में खड़े होकर कूपन कटवाएंगे। बचपन में पढ़ा था कि मेहनत का फल मीठा होता है, पर बड़े होकर मालूम हुआ कि वह फल दरअसल सिर्फ उन्हीं को मिलता है जो पेड़ की रखवाली करने वालों की चमचागिरी में माहिर होते हैं। आज का युवा किताबों के पन्ने नहीं पलटता, वह तो बस रील की दुनिया में अपने वजूद के चीथड़े उड़ा रहा है। अंगूठे के एक स्वाइप से जिंदगी की दिशा तय हो रही है। देश की सबसे बड़ी अदालतें और दफ्तर चाहे जो कहें, पर असली फैसले तो अब सोशल मीडिया की उन संकरी गलियों में होते हैं जहां नफरत मुफ्त में बंटती है और समझदारी पर टैक्स लगा दिया जाता है। कस्तूरी कुंडल बसै, मृग ढूंढे बन माहि वाली हालत इस पूरे तंत्र की हो चुकी है। हम बाहर की चकाचौंध में उस अंधेरे को भूल चुके हैं जो धीरे-धीरे हमारी अगली नस्लों के भीतर घर करता जा रहा है। बाजार ने हमारे रिश्तों की ऐसी बोलियां लगाई हैं कि अब सगे भाई भी एक-दूसरे से मिलने का समय बकायदा डायरी देखकर तय करते हैं। संवेदनाएं अब केवल शोक संदेशों के व्हाट्सएप स्टेटस तक सिमट कर रह गई हैं। रोने के लिए भी अब रुदालियों की जरूरत नहीं पड़ती, बस एक दुखद इमोजी भेजिए और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी से मुक्त हो जाइए। कफन बेचने वाले भी अब लाश की लंबाई देखकर कफन का कपड़ा तय करते हैं कि कहीं मुनाफा कम न रह जाए। इस अंधी दौड़ में जो पीछे छूट गया, वह सिर्फ एक संख्या बनकर रह जाता है, जिसे सरकारी आंकड़ों की फाइलों में बहुत करीने से दफन कर दिया जाता है। जब तक इंसानियत का तकाजा पैसे की खनक से तौला जाएगा, तब तक कोई भी कबीर या तुलसी इस समाज की सूखी चेतना को दोबारा हरा नहीं पाएगा। नेताओं की रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ को देखकर अक्सर सोचता हूं कि क्या वाकई इन लोगों को देश की चिंता है? पर जब करीब जाकर देखो, तो मालूम पड़ता है कि वहां तो सिर्फ पचास रुपये और एक पैकेट पूड़ी-सब्जी का खेल चल रहा था। भूखे पेट को देश की संप्रभुता से ज्यादा रोटी के गोल आकार में दिलचस्पी होती है। सिंहासन पर बैठे लोग जानते हैं कि जब तक जनता को बुनियादी जरूरतों के जाल में उलझाए रखोगे, तब तक वे कभी बड़े सवाल पूछने की जुर्रत नहीं करेंगे। भेड़ें कभी अपने चरवाहे से यह नहीं पूछतीं कि उन्हें कसाईखाने क्यों ले जाया जा रहा है, वे तो बस इस बात से खुश रहती हैं कि रास्ते में थोड़ी हरी घास चबाने को मिल गई। प्रजातंत्र का यह तमाशा हर पांच साल बाद सजता है, जहां मदारी बदल जाते हैं पर बंदरों का नाच वही पुराना रहता है। एक दफ्तर के बाबू से जब मैंने पूछा कि भाई साहब, मेरी फाइल आगे क्यों नहीं खिसक रही, तो उन्होंने चश्मे के ऊपर से देखते हुए बड़े दार्शनिक अंदाज में कहा कि हुजूर, फाइलों के भी पैर होते हैं, इन्हें जब तक लक्ष्मी का स्पर्श नहीं मिलता, ये एक इंच आगे नहीं बढ़तीं। उनकी इस बात ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया। भ्रष्टाचार अब कोई बुराई नहीं, बल्कि हमारे प्रशासनिक तंत्र का अनिवार्य लुब्रिकेंट बन चुका है। इसके बिना पहिए जाम हो जाते हैं। ईमानदारी की दुहाई देने वाले लोग अक्सर एकांत में बैठकर अपनी रेट लिस्ट तय कर रहे होते हैं। चौपायों की इस बस्ती में अगर आप दो पैरों पर सीधे चलने की जिद करेंगे, तो लोग आपको चिड़ियाघर का कोई अजूबा समझकर आपकी लाचारी पर हंसेंगे और तालियां बजाएंगे। हम सब इस बहती गंगा में हाथ धोने के इतने आदी हो चुके हैं कि अब हमें पानी का मटमैलापन ही उसका असली रंग लगने लगा है। जमीर की अदालत में जब गवाह ही मुकर जाएं, तो जज भी क्या फैसला सुनाए। शर्मा जी का बेटा अब एक बड़ी कंपनी में अफसर बन चुका है और मुंशी जी की चाय की दुकान कर्ज के बोझ तले बंद हो चुकी है। यही इस युग का सबसे बड़ा सत्य है। इस सड़ी हुई व्यवस्था के मलबे पर बैठकर जो लोग आज भी क्रांतियों के गीत गा रहे हैं, वे दरअसल खुद को तसल्ली देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहे। जब तक हम इस पाखंड की चादर को फाड़कर फेंक नहीं देते, तब तक हिंदी साहित्य क्या, साक्षात सरस्वती भी आकर हमारा उद्धार नहीं कर सकतीं।

## एक नजर

### बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के अध्यक्ष के रूप में वेदांत दीक्षित ने पुनः संभाला पदभार



**जगदलपुर, 8 जुलाई।** बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के नवनियुक्त अध्यक्ष वेदांत दीक्षित ने आज प्रातः मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के पश्चात मंदिर स्थित कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

पदभार ग्रहण करने के दौरान समर्थकों ने वेदांत दीक्षित का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें पुनः इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।उल्लेखनीय है कि वेदांत दीक्षित इससे पूर्व भी बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनके अनुभव एवं कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः इस दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर वेदांत दीक्षित ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारिता के क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों एवं समितियों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष ने बच्चों को वितरित किए छाते व स्टेशनरी सामग्री



**जगदलपुर, 8 जुलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के व्यापारी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष एवं राजेंद्र पटवा ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए मोतीलाल नेहरू वार्ड के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छाते एवं विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया। राजेंद्र पटवा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनका उज्ज्वल भविष्य समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना प्रत्येक सक्षम नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में विद्यालय आने-जाने में बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी उद्देश्य से उन्हें छाते प्रदान किए गए, ताकि वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुँच सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की अपील की। साथ ही कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों के सपनों को साकार कर उन्हें समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने योग्य बनाती है। इस दौरान लोकेश नंदा, खीरेंद्र यादव, सोनू आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में ईएमआरएस छेरीबेड़ा के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नारायणपुर, 8 जुलाई।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के तत्वावधान में राजस्थान के ईएमआरएस खेरवाड़ा (उदयपुर) में आयोजित आंचलिक (जोनल) स्तर की राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), छेरीबेड़ा, जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) की 53 सदस्यीय टीम ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लिया। इसमें मध्य प्रदेश की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि छत्तीसगढ़ की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त कर राज्य का गौरव बढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि के आधार पर छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि टीम में शामिल ईएमआरएस छेरीबेड़ा के आठ विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। इसमें हर्ष का चयन स्पीकर की भूमिका के लिए प्रथम स्थान पर हुआ।

---

बसस्टैंड में रोज हजारों लोग आते हैं और पूछते हैं एटीएम कहां है

# बस स्टैंड क्षेत्र में यात्रियों और मरीजों की सुविधा के लिए स्थानीय नागरिकों ने की एटीएम लगाने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,8 जुलाई।** औद्योगिक नगर किरंदुल के हृदय स्थल स्थित बस स्टैंड क्षेत्र में नकद निकासी के लिए एटीएम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस क्षेत्र में किसी भी राष्ट्रीयकृत या निजी बैंक का एटीएम स्थापित करने की मांग करते हुए कहा है कि इससे हजारों लोगों को प्रतिदिन बड़ी राहत मिलेगी।




वरिष्ठ नागरिक वैंकट राव, विजय गोडा तथा विशेष संवाददाता विरेन्द्र मांझी ने बताया कि बस स्टैंड के आसपास प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहरी यात्री, श्रमिक, व्यापारी एवं परियोजना अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। ऐसे में जब उन्हें नकद राशि की आवश्यकता होती है, तो वे सबसे पहले बस स्टैंड के आसपास एटीएम की जानकारी पूछते हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्हें यह बताना पड़ता है कि निकटतम एटीएम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक में हैं, जो बस स्टैंड से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। इससे पहली बार आने वाले लोग विशेष रूप से परेशान हो जाते हैं। पैदल इतनी दूरी तय करना सभी के लिए आसान नहीं होता, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों के लिए।नागरिकों ने यह भी बताया कि किरंदुल नगर में ऑटो रिक्शा जैसी नियमित सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में बस स्टैंड के समीप एटीएम की स्थापना समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिया है कि प्रशासन के खाली पड़े भवनों का जनहित में उपयोग किया जा सकता है। उनका कहना है कि इंट्रक भवन तथा नव-निर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल लाइब्रेरी के बीच फिल्टर जल सुविधा के लिए निर्मित भवन कुछ समय उपयोग के बाद बंद पड़ा है। यदि किसी बैंक द्वारा इस भवन में एटीएम स्थापित किया जाए तो एक ओर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक नकद निकासी की सुविधा मिलेगी, वहीं लाखों रुपये की लागत से निर्मित भवन का भी सार्थक उपयोग हो सकेगा। स्थानीय नागरिकों का विश्वास है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रबंधक इस जनसमस्या को गंभीरता से संज्ञान में लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में शीघ्र एटीएम स्थापित करने की दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे। इससे न केवल यात्रियों और मरीजों को राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक नगर किरंदुल की आधारभूत नागरिक सुविधाओं में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

# 28 दुकानों में खाद-बीज की बिक्री पर रोक, 33 को नोटिस, लाइसेंस रद्द, एफआईआर तक हुई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जुलाई।** जिला प्रशासन ने खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नकली और संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद-बीज के कारोबार पर सख्त रुख अपनाया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कृषि विभाग ने जिले भर में व्यापक जांच अभियान शुरू किया, जिसमें कई दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान अब तक 33 खाद-बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं नियमों के उल्लंघन और अनियमितता पाए जाने पर 28 दुकानों में खाद-बीज के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। वहीं कार्रवाई के तहत 6 दुकानों से खाद-बीज जब्त कर संबंधित प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। वहीं गंभीर अनियमितता के एक मामले में संबंधित विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं, जबकि दो अन्य दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया है।




कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, नकली खाद-बीज की बिक्री या नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने सभी खाद-बीज विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक की स्थिति और निर्धारित बिक्री मूल्य को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले भर में लगातार निरीक्षण और जांच अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नकली या अमानक खाद-बीज की बिक्री करने वाले कारोबारियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ग्राम पंचायत तारागांव में कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की कार्रवाई की मांग

**जगदलपुर, 8 जुलाई।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य संयोजक एवं संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत तारागांव, जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा में वित्तीय वर्ष 2021-22 के अंतर्गत आदर्श ग्राम योजना सहित विभिन्न विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितता, फर्जी माप पुस्तिका (एमबी), बिना कार्य कराए शासकीय राशि के आहरण तथा नियमों के विपरीत भुगतान किए जाने के संबंध में कलेक्टर बस्तर, आयुक्त बस्तर संभाग, जिला पंचायत सीईओ, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू), लोकायुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़,8 जुलाई।** शहर भाजपा मंडल द्वारा सोमवार को स्थानीय विश्रामगृह में पार्टी के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर नमन किया है इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ,वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन ,न पा अध्यक्ष रमन डोंगरे और अमित जैन ने डॉ साहब प्रसाद मुखर्जी के विचारों को सबके बीच रखा। कहा कि वक्ता के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (6 जुलाई 1901 - 23 जून 1953) एक महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक जनक थे। %एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे% का नारा देने वाले मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया था। वे जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए लागू परमिट सिस्टम का उन्होंने कड़ा विरोध किया। उनका मानना था कि %एक देश में दो विधान% नहीं चल सकते। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में नज़रबंदी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके देश हितेषी सोच पर ही सभी कार्यकर्ताओं को चलकर काम करे। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ,वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बनोवाना ,प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी ,शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बत्रोवाना ,नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,भाजपा नेत्री सविता दरगढ़ ,महामंत्री विनीत यादव ,विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,महामंत्री संगीता राजपूत ,उपाध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव ,अनीता इंदुरकर ,युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ,महामंत्री शुभम अग्रवाल ,पार्षद शारदा यादव, डीकेश राव, अनीश निर्मलकर, हरीश मोटघरे ,शिवांगी साखरे, रतन कोसे, पूजा ब्रिज नामदेव ,जितेंद्र हिरवानी, अलंकृत शर्मा ,रूपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहू, अक्षय यादव ,रामकुमार दडसेना ,चितरंजन साहू ,मयूर बिंदल, सुधा श्रीवास्तव ,हेमलता तिवारी, सुमित मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल, विजित, लोकेश इंदुरकर ,अनिल लांजेवार, महेश सहारे, अजय शर्मा, चेतन साहू, डिप्टी महापात्र सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त अध्यक्ष जसमीत सिंह बत्रोवाना द्वारा किया गया।



### अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर बढ़ा जुर्माना, खनन व्यवस्था होगी अधिक प्रभावी और पारदर्शी

**जगदलपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 1996 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। राज्य मंत्रिमंडल से अनुमोदित इन संशोधनों का उद्देश्य अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, खनन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाना तथा राज्य के राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना है।संशोधित नियमों के अनुसार अब अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण अथवा परिवहन के मामलों में प्रशमन (समझौता) राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। किसी भी प्रकरण में न्यूनतम प्रशमन राशि 25 हजार रुपये से कम नहीं होगी। अवैध खनिज परिवहन के मामलों में परिवहित खनिज की मात्रा के अनुसार प्रति टन दो हजार रुपये की दर से प्रशमन राशि के साथ खनिज का मूल्य भी देय होगा। उदाहरणस्वरूप, यदि कोई वाहन 35 टन खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा जाता है।

# ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं पंचायत सचिव: शिवरतन शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा,8 जुलाई।** पंचायत सचिव संघ, जनपद पंचायत भाटापारा के तत्वावधान में ग्राम खपराडीह में ग्राम पंचायत सचिव स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि पंचायत सचिव वास्तव में ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। आप ही वो मजबूत कड़ी हैं जो शासन और आम जनता के बीच सेतु का काम करती हैं। शासन की हर महत्वाकांक्षी योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने का सबसे बड़ा दायित्व आप सभी के कंधों पर है शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, स्वच्छ भारत मिशन हो, मनरेगा हो, वृद्धा पेंशन हो या राशन वितरण - हर योजना को अंतिम व्यक्ति तक, अंतिम गांव तक पहुंचाने में पंचायत सचिवों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि आप सभी की निष्ठा और सेवाभाव ही गांवों के चहुंमुखी विकास की मजबूत आधारशिला है। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी आप सभी ने जिस जज्बे और समर्पण के साथ फ्रंटलाइन पर रहकर कार्य किया।

# परिक्रमा पथ निर्माण को मिला ग्राम गाजमर्रा का पूर्ण समर्थन, कलेक्टर के नाम सौंपा सहमति पत्र:लोचन वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़,8 जुलाई।**-छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी %परिक्रमा पथ% योजना को गति देने के लिए ग्राम पंचायत गाजमर्रा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत गाजमर्रा के सरपंच श्री लोचन वर्मा ने माननीय कलेक्टर महोदय (राजनांदगांव) के नाम पर एक आधिकारिक पत्र डिप्टी कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा जी को सौंपकर परिक्रमा पथ निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया है।



### सर्वसम्मति से पारित हुआ था प्रस्ताव

लोचन वर्मा ने बताया ग्राम गाजमर्रा में पूर्व में दिनांक 07/10/2025 को आयोजित बैठक में ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से परिक्रमा पथ निर्माण कार्य के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया था। ग्रामीण इस विकास कार्य को लेकर बेहद उत्साहित हैं और क्षेत्र के विकास में इसे एक बड़ा मील का पत्थर मान रहे हैं। लोचन वर्मा ने बताया

धार्मिक स्थलों और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

परिक्रमा पथ का यह रूट बेहद खास है। जो कि यह मार्ग हमारे ग्राम पंचायत गाजमर्रा के सरहद चिचोला रोड गाजमर्रा, विश्राम बाड़ी के पास से सीधे धार्मिक स्थल जटाशंकर मंदिर से होते हुए चन्द्रगिरी एवं श्रीयंत्र / छिरपानी की ओर जाएगा। इस मार्ग के बनने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को इन प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में बेहद सुगमता होगी। ग्राम पंचायत गाजमर्रा ने स्पष्ट किया है कि पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूमि पर परिक्रमा पथ के निर्माण से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। पंचायत प्रशासन और प्रशासन एवं कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में किए जा रहे इस पुनीत और विकासात्मक कार्य का पूरा तरह समर्थन करते हैं।

# डीएवी स्कूल के पास के गड्ढे को पाटकर समतल किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 8 जुलाई।** डीएवी इस्पात स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास सिवरेज पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान बना गड्ढा और फैला कीचड़ को अब समतल कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू के अनुरोध पर बीएसपी प्रशासन ने इसमें सहयोग किया है।

आपको बता दें कि बरसात के कारण स्कूल के सामने कीचड़ जमा हो गया था। इससे बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही थी। पालकों को भी बच्चों के इंतजार में खड़े होना पड़ता था। जिससे दिक्कतें हो रही थीं। कीचड़ के कारण बच्चों के जूते गंदे हो जाते थे और क्लासरूम तक गंदगी पहुंच रही थी। इसकी शिकायत पालकों ने नगर पालिका अध्यक्ष से की थी।शिकायत के बाद अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने नगर प्रशासक मंगेश सेलकर और राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार से चर्चा की। बीएसपी प्रशासन ने तुरंत सहयोग का आश्वासन दिया। आज बीएसपी की ओर से 4 हाइवा मुरम भेजी गई। नगर पालिका की जेसीबी से स्थल का समतलीकरण कराया गया और गड्ढे को भरा गया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज पिंटू दुबे, संयुक्त खदान मजदूर संघ अध्यक्ष श्रीनिवासलू, तोरण कुमार साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 15 नगर प्रशासक की ओर से मास्टर टेक्नीशियन राकेश कुमार बांदे उपस्थित थे।



---

## समाचार संक्षेप

### 50 वर्षीय ग्रामीण की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, इलाके में सनसनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 8 जुलाई।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत नम्बी.गुंजेपर्ती मार्ग स्थित बंगालपारा में मंगलवार को एक 50 वर्षीय ग्रामीण की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक हुंगा मुचाकी ;50 वर्षद्ध निवासी बंगालपारा को मंगलवार शाम को अज्ञात आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही उसूर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।बताया जा रहा है कि घटना स्थल पूर्व में माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्र में स्थित है। हालांकि फिलहाल पुलिस किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही है।

### पुलिस का विशेष यातायात अभियान, 62 चालान काटकर वसूले 27,200 रुपए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 8 जुलाई।** जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन के उद्देश्य से विशेष यातायात जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में डीएसपी एवं यातायात नोडल अधिकारी विनीत साहू के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी केशव ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक विजय मंडावी सहित यातायात शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर वाहनों की सघन जांच की। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 62 चालानी कार्रवाई की गई, जिनसे कुल 27,200 का समन शुल्क वसूला गया।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। साथ ही सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। बीजापुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### जिले के सभी ब्लॉकों में की जायेगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

**बीजापुर 8 जुलाई।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के भोपालपटनम, बीजापुर, भैरमगढ़ और उसूर ब्लॉक में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता की पशु औषधियां उपलब्ध कराना है। पशु औषधि केन्द्रों के परिपालन हेतु न्यूनतम 120 स्क्वायर फिट स्वयं की या किराये की जगह की आवश्यकता होगी तथा बी फार्मा/डी फार्मा डिग्री होल्डर एवं ड्रग्स सेल लाईसेंस का होना आवश्यक है। पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक समितियां अधिक जानकारी के लिए निकटतम पशु चिकित्सालय से संपर्क कर सकते है एवं आवेदनकर्ता ऑनलाईन पोर्टल www.dahd.gov. in पर आवेदन कर सकते है।

### निर्दोष बंदियों की रिहाई के लिए 9 जुलाई को विधायक ने किया बैठक का आह्वान

**बीजापुर,8 जुलाई।** नक्सलियों के समर्थित बताकर जिले में कई निर्दोष लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान समय में नक्सल मुक्त बस्तर का सपना साकार हुआ है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन प्रशासन द्वारा पुनर्वास के साथ साथ अनेक सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। उसी के मद्देनजर विधायक विक्रम मंडावी द्वारा जेलों में बंद बताए जा रहे निर्दोष ग्रामीणों की रिहाई के मुद्दे पर 9 जुलाई (गुरुवार) को विधायक कार्यालय, बीजापुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में उन परिवारों के परिजनों को आमंत्रित किया गया है, जिनके सदस्य जेल में बंद हैं। बैठक का उद्देश्य मामलों की जानकारी एकत्र करना और निर्दोष बंदियों को न्याय दिलाने के लिए आगे की रणनीति तैयार करना है। विधायक विक्रम मंडावी ने संबंधित परिवारों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निर्दोष ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। सब मिलकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का वक्त आ गया है। इसमें सबकी सहभागिता की आवश्यकता है।



### व्यायाम शिक्षक संघ ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा



**कांकेर,8 जुलाई।** सत्र 2026-27 की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग/राज्य/राष्ट्रीय स्तर तक खेल कैलेण्डर अनुसार खेल-कूद प्रारंभ हो चुका है। उक्त विभिन्न स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल तक लाने व ले जाने में जिले के व्यायाम शिक्षकों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता पड़ती है। साथ ही साथ खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को समय पर घर में उपस्थित कराने की जिम्मेदारी व्यायाम शिक्षकों पर रहती है। उक्त समस्त कार्यों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने के कारण कार्यरत स्थल पर प्रतिदिन ओ'वच से उपस्थिति दैना सम्भव नहीं है। जिसके कारण ओ'वच से उपस्थिति में शिथिल प्रदान करने के लिए आज दिनांक 07.07.2026 को जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर शारीरिक व्यायाम शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री दिनेश कवाची, श्री अनिल दहिवले, श्री भूषण प्रसा शर्मा, श्री राजेन्द्र कुंजाम, श्री महेन्द्र नेताम, श्री गौतम कुमार सिन्हा, श्री धनंजय पोया, श्री चन्द्रहास यादव उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा 12 जुलाई को

**कांकेर, 8 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा में लगभग 1,908 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री दुर्गेश शोरी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए शहर के शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय पीएमश्री नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) उदय नगर, नरहरदेव हाई स्कूल के पीछे और शासकीय महिला आईटीआई कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### खोटलापल ग्राम पंचायत में डबरी निर्माण से बदली ग्रामीणों की तकदीर, दोगुनी हुई किसानों की आय


**जगदलपुर, 8 जुलाई ।** कभी सिर्फ मानसूनी बारिश के भरोसे रहने वाले बस्तर जिले की खोटलापल ग्राम पंचायत के किसान आज आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहे हैं। जल संवर्धन के जमीनी प्रयासों के तहत गाँव में निर्मित एक डबरी (छोटे तालाब) ने न केवल क्षेत्र के भूजल स्तर को सुधारा है, बल्कि परंपरागत खेती से आगे बढ़कर रबी फसल और मत्स्य पालन के जरिए स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बना दिया है। महात्मा गांधी नरेगा और जल संवर्धन योजनाओं के तहत हितग्राही सोनधर और मोंगर के खेतों में निर्मित इस डबरी ने सिंचाई के संकट को दूर करने के साथ-साथ ग्रामीणों के जीवन में एक क्रांतिकारी और सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है। इस जल संरचना के निर्माण से खुश होकर ग्रामीण सोनधर कहते हैं कि यह डबरी जल संकट के स्थायी समाधान के रूप में सहायक होगा, क्योंकि अब इसमें बारिश का पानी एकत्रित होने से सिंचाई के लिए पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी और फसलों को सूखा पड़ने के खतरे से पूरी तरह बचाया जा सकेगा। वहीं अब डबरी में पर्याप्त पानी जमा होने से वे रबी सीजन में दूसरी फसलों के साथ-साथ उन्नत साग-भाजी का उत्पादन भी कर पाएंगें जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। खेती में आए इस सुधार के साथ-साथ इस डबरी का बहुआयामी उपयोग अब मछलीपालन के लिए भी ग्रामीण परिवारों द्वारा किया जाएगा और इसी सफलता से उत्साहित होकर हितग्राही सोनधर ने आगामी समय में बतख पालन करने की मंशा भी जाहिर की।आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ इस परियोजना ने स्थानीय पर्यावरण और रोजगार को भी व्यापक रूप से प्रभाव देखने मिलेगा और इस जल संरचना के कारण आसपास के कुओं, हैंडपंपों और खेतों की मिट्टी की नमी (वाटर रिचार्जिंग) में भारी सुधार होगा। इसके अलावा, डबरी की खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान ग्राम पंचायत के दर्जनों स्थानीय जॉबकार्डधारी ग्रामीण मजदूरों को सीधे उनके अपने गाँव में ही रोजगार मिला, जिसने क्षेत्र से होने वाले पलायन पर एक प्रभावी रोक लगाने का काम किया है।

### प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में पंचवर्षीय तथा वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर, 8 जुलाई ।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसके तहत स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यों तथा अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अलावा पंचवर्षीय एवं वार्षिक निर्माण कार्यों की कार्ययोजना तैयार किए जाने के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि जो कार्य लंबित हैं तथा अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, उन्हें निरस्त कर राशि वापस जमा कराएं।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे से आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे स्वीकृत कार्य जो अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें निरस्त करने तथा आबंटित राशि वापस जमा कराने के लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने डीएमएफ मद से जिले में स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की वर्षवार एवं विभागवार आबंटित राशि के व्यय और निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। इसके अलावा बैठक में पंचवर्षीय एवं वार्षिक निर्माण कार्यों के विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सीएम अजा एवं अजजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वी प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी



**महासमुंद, 8 जुलाई ।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है।सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई 2026 को किया गया था।

परीक्षा का परिणाम कार्यालय आदिवासी विकास विभाग महासमुंद के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://mahasamund.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समयावधि के भीतर प्राप्त दावा-आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

---

विजयपुर में 16 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा आधुनिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, ड्राइंग-डिजाइन में आवश्यक संशोधन कर शीघ्र अंतिम स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश

# रायगढ़ में स्वास्थ्य और पर्यटन अधोसंरचना को मिलेगी नई गति, ओ.पी.चौधरी ने विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 जुलाई ।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने जिले में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विजयपुर में प्रस्तावित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जीवनदायिनी केलो नदी के खर्रा घाट में विकसित किए जा रहे मैरीन ड्राइव तथा जेल परिसर स्थित पुराने भवन के स्थान पर प्रस्तावित व्यवसायिक परिसर निर्माण की कार्ययोजना का अवलोकन किया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विजयपुर में लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सेंटर की ड्राइंग एवं डिजाइन में आवश्यक संशोधन करते हुए इसे अधिक उपयोगी एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक सुधारों के बाद प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जाए, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से रायगढ़ जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने केलो नदी के खर्रा घाट में लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जा रहे मैरीन ड्राइव का भी अवलोकन किया। लगभग दो किलोमीटर लंबाई में आकार ले रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्यादेश जारी हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मैरीन ड्राइव रायगढ़ की पहचान बनने वाली परियोजना है। इसके माध्यम से न केवल खर्रा घाट का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि नागरिकों को मनोरंजन एवं पर्यटन की बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत घाट का विकास, गजीबो, आरसीसी पाथवे, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, प्रोमेनेड, फूड कोर्ट, बाह्य विद्युतीकरण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य किए जाएंगे।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इसके पश्चात जेल परिसर स्थित पुराने भवन का निरीक्षण कर उसे डिस्मेंटल करने के उपरांत वहां प्रस्तावित नए व्यवसायिक परिसर के निर्माण संबंधी कार्ययोजना का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर को आधुनिक व्यवसायिक अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री जीवर्धन चौहान, श्री विजय अग्रवाल, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से बदली मासूम की जिंदगी

## समय पर पहचान और निःशुल्क उपचार से दो वर्षीय देवांशु को मिली नई दृष्टि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 जुलाई।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत समय पर की गई स्वास्थ्य जांच ने ग्राम बोडाझरिया के दो वर्षीय देवांशु बंजारा के जीवन में नई रोशनी भर दी। जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित इस मासूम की बीमारी की समय रहते पहचान होने से उसका सफल निःशुल्क ऑपरेशन संभव हो सका और अब वह सामान्य रूप से अपने आसपास की दुनिया को देख पा रहा है। ग्राम बोडाझरिया निवासी राजीव बंजारा के पुत्र देवांशु की आंखों की जांच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके टीम-बी पुसौर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान की गई। जांच में बच्चे की आंखों में जन्मजात मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) की पुष्टि हुई। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल रेफरल की प्रक्रिया पूरी कर विशेषज्ञ उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की।

बीएमओ डॉ. विनोद नायक (शिशु विशेषज्ञ) एवं बीपीएम नवीन शर्मा के मार्गदर्शन में उपचार की संपूर्ण प्रक्रिया संचालित की गई। आरबीएसके टीम-बी पुसौर के टीम प्रभारी डॉ. संदीप भोई, डॉ. मंजू पटेल, कन्हैया किसान, सेवंती कुजूर तथा आशीष प्रधान ने बच्चे की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, रेफरल एवं उपचार के प्रत्येक चरण में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बाद 7 जुलाई 2026 को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना पटेल ने देवांशु का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद उसकी आंखों की रोशनी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अब वह सामान्य रूप से दैनिक गतिविधियां कर पा रहा है। मासूम के चेहरे पर लौटी मुस्कान और परिवार की खुशी इस बात का प्रमाण है कि समय पर मिला उपचार किसी बच्चे के भविष्य को सुरक्षित बना सकता है।

देवांशु के परिजनों ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय पर बीमारी की पहचान नहीं होती तो बच्चे की दृष्टि पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता था। उन्होंने कहा कि निःशुल्क जांच, उपचार और चिकित्सकीय सहयोग ने उनके बच्चे को नई रोशनी और बेहतर भविष्य दिया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत जन्मजात विकारों, बीमारियों, पोषण संबंधी समस्याओं, विकासात्मक विलंब एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित बच्चों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उनका निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 8 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुरूद द्वारा 6 जुलाई को बाजार चौक में भारत के प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के आदमकद प्रतिमा का पूजा अर्चना के बाद माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे , का उनका संकल्प देश की एकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर कुरूद नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, श्रीमती प्रतिभा चन्द्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकचंद जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ,विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पूर्व भाजपा नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, पार्षदों मे मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेंद्र गायकवाड़, कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव, युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी निशा वैष्णव, नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों मे खिलेन्द्र देवांगन, महावीर साहु, भाजपा कार्यकर्ताओं में पिंटू विनोद चन्द्राकर, भारत साहु, कमलेश रेड्डी, संजू चन्द्राकर, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, आईटी सेल प्रदेश पदाधिकारी कमलेश चन्द्राकर, कमल शर्मा, प्रवीण रेड्डी, राजू चन्द्राकर सहित भाजपा के अनेक लोग उपस्थित थे

# नामनिर्दिष्ट पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुएओपी चौधरी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 जुलाई।** नगर निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में आज नामनिर्दिष्ट पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने नामनिर्दिष्ट पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने सभी नवमनोनीत पार्षदों को उज्ज्वल, सफल एवं जनहित के कार्यों के लिए समर्पित कार्यकाल की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं जनसेवा में पार्षदों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नामनिर्दिष्ट पार्षद नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास तथा नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। समारोह में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, अरुणधर दीवान सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धारदार हथियार से एक ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर, 8 जुलाई।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत नम्बी-गुंजेपरती मार्ग स्थित बंगालपारा में आज मंगलवार को 50 वर्षीय ग्रामीण की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बंगालपारा निवासी हुंगा मुचाकी (50) के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हुंगा मुचाकी पर हमला कर उसकी जान ले ली। सूचना मिलते ही उसूर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करओ हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# बिहान योजना से ग्राम सिदेसर की सविता बनीं 'लखपति दीदी'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 8 जुलाई ।** जिले में 'बिहान' राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी कई महिलाएं विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। सालाना 01 लाख रूपए से अधिक की आय अर्जित कर 'लखपति दीदी' बन रही हैं, इससे उन्हें सम्मानजनक पहचान मिल रही है।

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिदेसर निवासी श्रीमती सविता साहू आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। महानदी महिला क्लस्टर संगठन माकड़ीखूना के अंतर्गत संचालित गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य सविता साहू ने बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी है। सविता साहू ने बताया कि समूह में जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी। परिवार का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना कठिन था। स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की इच्छा होने के बावजूद आर्थिक संसाधनों की कमी थी।श्रीमती सविता साहू ने बताया कि बिहान योजना के बारे में जानकारी मिलने पर गायत्री स्व सहायता समूह से जुड़कर सदस्यता ग्रहण की। समूह में नियमित बचत और बैठकों के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहयोग मिलने लगा। बिहान योजनांतर्गत चक्रीय निधि, प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी प्राप्त हुआ तथा आजीविका गतिविधियों के लिए 60 हजार रुपये की सामुदायिक निवेश राशि का लाभ मिला। बैंक से लेन-देन करना भी सीख गई। समय-समय पर बिहान के बीपीएम, एसी एवं पीआरपी के मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। बैंक से मुद्रा ऋण प्राप्त करने में भी बिहान की टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। बिहान के मार्गदर्शन में सविता साहू ने चटिया मिल एवं मशरूम उत्पादन का व्यवसाय शुरू किया। उनके इस उद्यम से वर्ष 2024-25 में लगभग 03 लाख रुपये की वार्षिक आय प्राप्त हुई,।

# जिला प्रशासन ने बबीता को कृत्रिम पैर उपलब्ध कराकर फिर से सामान्य जीने का संबल दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 जुलाई ।** कभी जीवन से निराश हो चुकीं 27 वर्षीय बबीता यादव के जीवन में अब फिर से उम्मीद, आत्मविश्वास और मुस्कान लौट आई है। जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल और त्वरित सहयोग ने उन्हें न केवल कृत्रिम पैर उपलब्ध कराया, बल्कि फिर से सामान्य जीवन जीने का संबल भी दिया। आज बबीता आत्मनिर्भर होकर पहले की तरह अपने दैनिक कार्य कर रही हैं और अपने जीवन को नए उत्साह के साथ आगे बढ़ा रही हैं।

रायगढ़ जिले के ग्राम मुरालपाली निवासी बबीता यादव के साथ पिछले वर्ष एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी। घटना के बाद उनके बाएं पैर में गंभीर संक्रमण हो गया, जो धीरे-धीरे हड्डियों तक पहुंच गया। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद संक्रमण को नियंत्रित करना संभव नहीं हो सका और अंततः 27 जनवरी 2025 को उनका बायां पैर काटना पड़ा। इस घटना ने उनके सामने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों का पहाड़ खड़ा कर दिया। अचानक आए इस बदलाव से उनका जीवन मानो ठहर-सा गया था और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि आगे सामान्य जीवन कैसे जी पाएंगी।

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बबीता ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी तथा कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर कृत्रिम पैर लगवाने के लिए सहायता का निवेदन किया। उनकी स्थिति को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक उनके आवेदन पर तत्काल दो लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप रायपुर स्थित इंडो लाइट्स संस्थान से समन्वय स्थापित कर बबीता यादव के लिए आधुनिक कृत्रिम पैर लगवाया गया। कृत्रिम पैर लगने के बाद उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आया है। अब वे सहजता से चल-फिर रही हैं, अपने दैनिक कार्य स्वयं कर रही हैं और पहले की तरह सामान्य जीवन जीने लगी हैं। बबीता यादव ने भावुक होकर कहा कि कृत्रिम पैर मिलने के बाद उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो उनका जीवन फिर से पटरी पर लौट आया हो। उन्होंने इस मानवीय सहयोग और संवेदनशील पहल के लिए प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी तथा कलेक्टर के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता ने उन्हें नया जीवन और नई उम्मीद दी है। इन्होंने आज अपर कलेक्टर से भेट कर इस सहयोग के लिए राज्य शासन, जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जिले के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों की सलाह, 30 जुलाई तक पूरी करें धान की रोपाई

■ खरपतवार नियंत्रण और संतुलित उर्वरक प्रबंधन से बढ़ेगा उत्पादन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 8 जुलाई।** रायगढ़ जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून अब सक्रिय हो चुका है। शुरुआती दौर में मानसून के आगमन में करीब 10 दिनों की देरी हुई, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह में हुई अच्छी बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध हो गया है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान मौसम खरीफ फसलों, विशेषकर धान की बुआई और रोपाई के लिए अनुकूल है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम का पूरा लाभ उठाते हुए समय पर कृषि कार्य पूरा करें, ताकि उत्पादन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बताया कि इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून सामान्य समय से देर से पहुंचा, जिससे जून माह में औसत से लगभग 40 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। हालांकि जुलाई के पहले सप्ताह में लगातार बारिश होने से रायगढ़ जिले सहित अधिकांश मैदानी क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त जल उपलब्ध हो गया है। ऐसे में जहां नर्सरी तैयार है वहां मचाई कर तुरंत धान की रोपाई शुरू कर देनी चाहिए। जिन किसानों के पास नर्सरी उपलब्ध नहीं है, वे लेही पद्धति से अंकुरित बीजों की बुआई ड्रम सीडर या छिटकवा विधि से कर सकते हैं।

कृषि वैज्ञानिकों ने रायगढ़ जिले के किसानों को सलाह दी है कि जो किसान धान की सीधी बुआई करते हैं, वे 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा कर लें। वहीं रोपाई एवं बियासी पद्धति अपनाने वाले किसान 30 जुलाई तक रोपाई कर लें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसानों को शीघ्र एवं मध्यम अवधि (125-130 दिन) में पकने वाली धान की किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है। इनमें इन्द्रावती, छत्तीसगढ़ बारानी, इंदिरा एरोबिक, एमटीयू-1010, एमटीयू-1153, एमटीयू-1156, एमटीयू-1001, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान-1919, छत्तीसगढ़ तेजस्वी तथा महामाया जैसी किस्में शामिल हैं, जो बदलते मौसम के अनुरूप बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं।

विशेषज्ञों ने कहा है कि धान की बुआई से पहले बीजों को कार्बेन्डाजिम अथवा अन्य उपयुक्त कवकनाशी से उपचारित करना आवश्यक है। प्रति किलोग्राम बीज में ढाई ग्राम दवा का उपयोग करना चाहिए। इसके साथ ही एजोस्पाइरिलम, पीएसबी एवं केएसबी जैसे जैव उर्वरकों से बीज उपचार करने से फसल को पर्याप्त नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश उपलब्ध होती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होती है। जिन क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है और खेतों में पानी भरा हुआ है, वहां लेही पद्धति अपनाने की सलाह दी गई है। इसके लिए धान के बीजों को 8 से 10 घंटे तक पानी में भिगोकर 24 से 30 घंटे तक अंकुरित किया जाए। इसके बाद मचाई किए गए खेतों में ड्रम सीडर या छिटकवा विधि से बुआई की जाए। इस पद्धति में प्रति एकड़ लगभग 40 किलोग्राम बीज का उपयोग उपयुक्त माना गया है।कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि रायगढ़ जिले में धान की सीधी बुआई वाले खेतों में खरपतवार सबसे बड़ी समस्या बन सकती है। यदि समय पर नियंत्रण नहीं किया गया तो उत्पादन में 50 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। इसलिए बुआई के बाद पहले 40 दिनों तक खेत को खरपतवार मुक्त रखना जरूरी है। इसके लिए 20 एवं 40 दिन बाद हाथ से निंदाई, पैडी वीडर या आवश्यकता अनुसार अनुशंसित खरपतवारनाशी का प्रयोग किया जा सकता है। उर्वरक प्रबंधन के संबंध में किसानों को सलाह दी गई है कि प्रति एकड़ अधिकतम दो बोरी यूरिया, एक बोरी डीएपी तथा आधी बोरी पोटाश का उपयोग करें। डीएपी और पोटाश की पूरी मात्रा बुआई या रोपाई से पहले डालें, जबकि यूरिया की पहली खुराक 30 से 35 दिन और दूसरी खुराक 60 से 70 दिन बाद दें। इसके साथ ही हरी खाद और नील हरित काई के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। विभाग ने रायगढ़ जिले के किसानों से अपील की है कि खेती से संबंधित किसी भी समस्या या तकनीकी जानकारी के लिए निकटस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि महाविद्यालय अथवा कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि समय पर उचित सलाह लेकर खरीफ फसल का बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सिमगा की शिक्षिका ने बच्चों के साथ बनाए 'सीड बॉल

## कलेक्टर और सीईओ को भेंट करने पर जिलास्तर पर मिली सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विकासखंड सिमगा से एक बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक खबर सामने आई है। शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की एक शिक्षिका ने स्कूली बच्चों के सहयोग से बड़े पैमाने पर 'सीड बॉल' का निर्माण किया है। इस अनूठे नवाचार के जरिए उन्होंने न सिर्फ बच्चों को खेल-खेल में पर्यावरण का पाठ पढ़ाया, बल्कि पूरे जिले के सामने पर्यावरण जागरूकता की एक नई मिसाल पेश की है।शिक्षिका ने बच्चों के सहयोग से तैयार किए गए इन औषधीय और छायादार पौधों के सीड बॉल्स को कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल को भेंट किया। अधिकारियों ने शिक्षिका के इस जमीनी प्रयास की जमकर सराहना की और इसे अन्य स्कूलों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि सीड बॉल मिट्टी, खाद और पौधों के बीजों को मिलाकर बनाई गई छोटी-छोटी गोलियां होती हैं। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इसका बहुत महत्व है । यह रोपण में बेहद ही आसान होता है। सीड बॉल को जमीन में गड्ढा खोदकर लगाने की जरूरत नहीं होती। इन्हें मानसून के दौरान खाली पड़े मैदानों, पहाड़ों या बंजर जमीनों पर सिर्फ फेंक दिया जाता है। बारिश का पानी पाते ही मिट्टी और खाद के आवरण में सुरक्षित बीज अंकुरित हो जाते हैं।



खुले में फेंके गए बीजों को अकसर पक्षी या कीड़े खा जाते हैं, लेकिन मिट्टी और खाद की कोटिंग होने के कारण सीड बॉल के भीतर के बीज सुरक्षित रहते हैं। यह बहुत ही कम खर्चीला और प्रभावी तरीका है, जिससे बड़े पैमाने पर बंजर पड़े इलाकों को हरा-भरा बनाया जा सकता है।

शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की इस मुहिम की खास बात यह रही कि स्कूल के बच्चे ही मिट्टी और देसी खाद जुटाने में मदद की और उत्साहपूर्वक बीजों को मिट्टी में मिलाकर गोलियां तैयार कीं। इस गतिविधि से बच्चों में टीम भावना, प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का अहसास विकसित हुआ है।

जब शिक्षिका इन सीड बॉल्स को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचीं, तो कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षिका और बच्चों के इस कदम को सराहा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की यह गूंज अब अन्य शिक्षण संस्थानों को भी प्रेरित कर रही है। यदि हर स्कूल और गांव से इसी तरह की पहल शुरू हो जाए, तो आने वाले समय में जिले की हरियाली और पर्यावरण का भविष्य बेहद सुरक्षित होगा।

## समाचार संक्षेप

### आयोग ने विधवा को दिलाई मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 8 जुलाई।** बीमा कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 200000 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा बाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादिनी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम सारसडोल देवतराई निवासी परिवादिनी मीना परधी के पति स्व. जम्हर सिंह का छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कसडोल में खाता था जिससे मृतक जम्हर सिंह द्वारा प्रीमियम राशि देकर विरोधी पक्षकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पालिसी लिया था दुर्घटना में जम्हर सिंह की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी एवं पालिसी की नामिनी परिवादिनी मौना परधी द्वारा मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त करने बाबत बीमा कंपनी के कार्यालय में बीमा दावा प्रस्तुत किया गया।बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त करने का मूल आधार लिया गया है कि मृतक नशे की हालत में तेजी से लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल चलाते हुये स्वयं दुर्घटना कारित किया है एवं उसके पास वैध व प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। विरोधी पक्षकार का उक्त तर्क मान्य योग्य नहीं है क्योंकि प्रस्तुत प्रकरण में विरोधी पक्षकार द्वारा बीमा दावा का निर्धारण करने हेतु कौन कौन से दस्तावेज की माँग परिवादिनी से की गई है उस सम्बन्ध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं है। दावा निरस्त किये जाने की सूचना संबंधित दस्तावेज में भी मृतक के ड्रायविंग लाइसेंस के अभाव में दावा निरस्त किये जाने का उल्लेख नही है। शव परीक्षण प्रतिवेदन में सिर्फ इस बात का उल्लेख है कि मृतक के पेट में अल्कोहल मौजूद था किन्तु अल्कोहल की मात्रा के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पुलिस जांच में भी मृतक की लापरवाही के कारण दुर्घटना होना साबित नहीं हुआ है।ऐसी स्थिति में विरोधी पक्षकार बीमा कंपनी सिर्फ पेट में अल्कोहल की गंध होने से विपरीत उपधारणा बनाते हुये मृतक के शराब के नशे में होना मान्य करते हुये बीमा दावा निरस्त नहीं कर सकती।

विरोधी पक्षकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 200000 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय-हेतु 7000 रूपये परिवादिनी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

## एक नजर

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति 9 जुलाई तक

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित लिखित चयन परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम का प्रकाशन आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा कर एवं जिले के वेबसाईट में भी अपलोड किया गया है। प्रकाशित मेरिट सूची अनुसार किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा-आपत्ति 9 जुलाई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार में सप्रमाण कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

### दिव्यांग तारामती को मिला मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का सहारा

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के केसला निवासी दिव्यांग तारामती जायसवाल, जो घर पर रहकर सिलाई का कार्य कर अपने परिवार का सहयोग करती हैं, उन्हें कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से बड़ी राहत मिली है। जनदर्शन में पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या कलेक्टर कुलदीप शर्मा के समक्ष रखी। उनकी समस्या को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर शर्मा ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में विभाग द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब तारामती जायसवाल को आने-जाने में काफी सुविधा होगी, जिससे वे अपने सिलाई कार्य को भी अधिक सुगमता से संचालित कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि पहले आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब यह सहायता उनके लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने इस संवेदनशील पहल और त्वरित सहायता के लिए शासन - प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



# सिमगा में तिगड़ा चौक की जर्जर सड़क के कारण आए दिन हादसा

## रहवासियों और राहगीरों ने उठाई जल्द मरम्मत की मांग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 जुलाई।** नगर के तिल्दा रोड बाईपास स्थित तिगड़ा चौक, जहां से एक मार्ग तिल्दा और दूसरा हथबंद की ओर जाता है, बारिश के बाद जलभराव समाप्त होने के बावजूद सड़क की हालत और अधिक खराब हो गई है। मेन रोड स्थित जंक्शन ढाबा के पास सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। विशेषकर शाम और रात के समय दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। कई लोगों ने बताया कि खराब सड़क के कारण वे दोपहिया वाहन से गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आवागमन करते हैं। सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण कई बार बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं और फिसलकर गिरने से उन्हें चोट भी लग जाती है, जिससे अभिभावकों में चिंता बनी हुई है।


राहगीरों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि इस मार्ग से अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी नियमित रूप से गुजरते हैं, लेकिन अब तक समस्या की ओर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। नागरिकों का कहना है कि किसी बड़ी जनहानि से पहले सड़क का निर्माण और मरम्मत कराना अत्यंत आवश्यक है।

## नगर व आसपास के क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 जुलाई।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बार-बार बिजली गुल होने के कारण लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पेयजल आपूर्ति, बच्चों की पढ़ाई तथा छोटे व्यापारियों के कामकाज पर भी इसका असर पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के कई बार बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे दैनिक कार्य बाधित हो जाते हैं। किसानों ने भी बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है।



लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए तथा यदि किसी कारणवश बिजली बंद करनी पड़े तो इसकी पूर्व सूचना दी जाए। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि विभाग जल्द ही समस्या का समाधान करेगा ताकि लोगों को राहत मिल सके। हालांकि, इस बिजली कटौती के कारण और अवधि की आधिकारिक पुष्टि संबंधित बिजली विभाग की ओर से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हो सकी है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की लोगों से अपील

## शराब पीकर गाड़ी नहीं चलायें, सुरक्षित घर लौटें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई।** सड़क हादसों पर रोक लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने नागरिकों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन को खतरे में डालने जैसा गंभीर अपराध है। एक पल की लापरवाही पूरे परिवार की खुशियां छीन सकती है। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि शराब पीने के बाद किसी भी स्थिति में वाहन न चलाएं और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन जिम्मेदारी के साथ करें, क्योंकि सुरक्षित घर लौटने का इंतजार परिवार के सदस्य करते हैं। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि वे स्वयं भी सुरक्षित वाहन चलाएं और सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें।

# अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो,112 की तत्परता से बची चालक की जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई।** 7 जुलाई को सुबह करीब 08:53 बजे बलौदाबाजार के रायपुर रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित ऑटो पलटने से उसके चालक को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की डायल 112 (बाज-1) टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

सिर में आई गंभीर चोट, दर्द से तड़प रहा था चालक- ?कंट्रोल रूम से सुबह 08:53 बजे इवेंट (सूचना) प्राप्त होते ही कोतवाली बाज-1 में तैनात आरक्षक क्रमांक 626 अनिल कुमार साहू और वाहन चालक जीवन सिंह राजपूत बिना कोई समय गंवाए तत्काल घटनास्थल (भारत पेट्रोल पंप के पास) के लिए रवाना हुए। ?मौके पर पहुंचने पर देखा कि ऑटो बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया था। इस हादसे में ऑटो चालक नीलकंठ साहू (उम्र 55 वर्ष), निवासी अमेरा के सिर पर गंभीर चोट आई थी और अत्यधिक खून बहने के कारण वे दर्द से तड़प रहे थे।



एम्बुलेंस की मदद से कराया जिला अस्पताल में भर्ती- घायल नीलकंठ साहू की गंभीर स्थिति और उम्र को ध्यान में रखते हुए आरक्षक अनिल कुमार साहू और चालक जीवन सिंह ने तुरंत सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने बिना वक्त जाया किए तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था की और घायल चालक को सुरक्षित रूप से इलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में ले जाकर एडमिट कराया, जहां डॉक्टरों की टीम ने समय पर इलाज शुरू कर घायल की स्थिति को संभाला।

### कर्तव्यपरायणता की मिसाल

व्यस्ततम रायपुर रोड पर सुबह-सुबह हुए इस हादसे के बाद कोतवाली पुलिस और डायल 112 की टीम ने जिस प्रकार 'गोल्डन आवर' में त्वरित रिस्पॉन्स दिखाया, उससे एक बुजुर्ग चालक की जान समय पर सुरक्षित हो सकी। पुलिस की इस कार्यप्रणाली की अस्पताल परिसर और शहर के नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील: कृपया चौक-चौराहों और पेट्रोल पंप के आसपास वाहनों की गति सीमित रखें। आपकी सतर्कता ही आपके और दूसरों के जीवन की सुरक्षा है।


आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड IREL (India) Limited

Formerly Indian Rare Earths Limited.

(भारत सरकार का उपक्रम)

(A Government of India Undertaking)

CIN : U15100MH1950GOI008187 Website : www.irel.co.in

ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001 : 2018 Company

संदर्भ - विज्ञा 26-27/7 निविदा नोटिस दि. 02.07.2026 /Ref: ADVT.NO.26-27/7 TENDER NOTICE Date: 02.07.2026

IREL (India) Limited, Chavara invites Bid for the following items / job descriptions.

| कार्य नं/Event No. (GeM) | काम/मद विवरण / Job / Item Description |
|---|---|
| GEM/2026/B/7737117 | Shifting, heaping, loading and transport the desilted sand from Azheekal harbour site to IREL plant at Chavara – For 50,000 Tonnes and Shifting, heaping, loading and transport the desilted sand from Valiyazheekal harbour site to IREL plant at Chavara – For 35,000 Tonnes |
| GEM/2026/B/7736321 | Excavation, heaping, stacking of mineral sand, loading & Transportation of mineral sand from Pandarathuruthu area to IREL (India) Ltd Chavara plant on zero moisture basis - For 80000 T and Mechanical loading, Transportation and levelling of tails sand from IREL (India) Ltd Chavara plant to the excavated pits at Pandarthuruthu area on zero moisture basis - For 20000 T |

बिडर निविदा फार्म http://irel.co.in or http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। निविदा में कोई शुद्धिपत्र /विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते है।

Bidder may download tender document from http://irel.co.in or http://gem.gov.in website. Any corrigendum / extension to above tenders shall be hosted in above websites only.

ह. प्रधान, चवरा / -Sd/- Head,Chavara

cbc48139/11/0008/2627


## नदी -नालों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी व सतर्क रहने के निर्देश

# सभी पीएचसी में एंटी वेनम वेक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम वेक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि अस्पतालों में स्टॉफ सहित सभी बुनियादी सुविधाएं सुलभ हो, मौसमी बीमारियों से निपटाने सभी स्वास्थ्य अमले अलर्ट मोड़ पर रहे। विकासखंड स्तर पर गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम हमेशा सतर्क हो और सूचना प्राप्त करे। किसी भी क्षेत्र में महामारी की सूचना मिलने पर तत्काल टीम पहुँच जाना चाहिए।



उन्होने कहा कि बारिश के मौसम में खान -पान,शुद्ध पेयजल आदि के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाएं। मितानिन की दवा पेटी में सभी बुनियादी दवाई उपलब्ध हो। मितानिन हर दिन गृह भेंट कर ग्रामीणों से मिलकर हाल चाल जाने और किसी की तबियत खराब हो तो उसकी सूचना पीएचसी को देना चाहिए। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियो को विभिन्न पेयजल स्रोतो का वाटर टेस्टिंग एवं क्लोरिनीकरण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर शर्मा ने विगत दिनों से जिले में हो रही तेज बारिश के कारण नदी -नालो का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति में पशु एवं जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए राजस्व,पुलिस एवं आपदा राहत टीम को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 5 चिंहांकित पुल में आवागमन प्रतिबंधित करने के साथ ही लोगों को समझाईश देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिला कंट्रोल रूम को 24 घण्टे सक्रिय रखने के भी निर्देश दिये।।कलेक्टर ने खरीफ सीजन में खाद -बीज की उपलब्धता एवं केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए किसानों को शासन के निर्देशानुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नई समितियो में भी खाद -बीज वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिये कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियो को जरुरी समन्वय करने कहा। इस दौरान राजस्व प्रकरण,राजस्व कोर्ट केस, स्वामित्व योजना,पीएम आवास ग्रामीण एवं शहरी, मुख्यमंत्री जानदर्शन,सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम्स, सड़क एवं पुल -पुलिया निर्माण, समय -सीमा के आवेदन आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते,अभिषेक गुप्ता,एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

//अंतिम सार्वजनिक सूचना//

क्रं./न.नि.भि./भ.अ./1414/2026/126 भिलाई, दिनांक 02/07/2026

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 2052 दिनांक 13.06.2000 द्वारा मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्राम जुनवानी के ख.नं. 696/1-5, 724/1-4, 725/1-4, 726/1-3, 727/1-4, 725/1-4, 729/1-4, 730/1-3, 731/1-3, 732/1-2, 745/1,3,5 746/1-5, 747/1-3, 748/1-5, 749/1-5, 750/1-2, 733/4-5 कुल रकबा 22.62 एकड़ पर आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी। स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा अर्थात 1.34 एकड़ भूमि आरक्षित रखा जाना था, जिसे मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आज दिनांक तक नगरपालिक निगम भिलाई के नाम पर पंजीकृत नहीं कराया गया है तथा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10% अर्थात 2.262 एकड़ आरक्षित रखा जाना था किन्तु कॉलोनाईजर द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया गया है।

इस प्रकार मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबर्धन एवं शर्तें) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 02.02.2019, 14.10.2019, 03.12.2021, 10.04.2026 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा EWS की भूमि निगम के नाम पर पंजीकृत कराने हेतु अंतिम सूचना पत्र प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब प्राप्त नही होने एवं सुसंगत नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ(2) में प्रावधान किया गया है कि **'आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, उक्त क्रम में प्रथम सार्वजनिक सूचना क्रमांक 203 दिनांक 22.05.2026 एवं द्वितीय सार्वजनिक सूचना क्रमांक 314 दिनांक 10.06.2026 को प्रकाशन किया गया है। ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्यधीन विकसित करेगा जैसी कि विहित किया जाये।'**

उपरोक्त तथ्यात्मक/वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्राम जुनवानी के ख.नं. 696/1-5, 724/1-4, 725/1-4, 726/1-3,727/1-4, 725/1-4, 729/1-4, 730/1-3, 731/1-3, 732/1-2, 745/1,3,5 746/1-5, 747/1-3, 748/1-5, 749/1-5, 750/1-2, 733/4-5 कुल रकबा 22.62 एकड़ में विकसित सूर्या विहार कॉलोनी एवं कॉलोनी में EWS हेतु आरक्षित भूमि, खसरा नंबर 745/1-5 रकबा 1.34 एकड़ का प्रबंध उपरोक्त अधिनियम 1956 की धारा 292-एफ(2) के अधीन अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त
नगरपालिक निगम,
भिलाई

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग मीट 11 जुलाई से

**रायपुर, 8 जुलाई।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग मीट का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन की ओर से 11 जुलाई से माना कैंप शूटिंग रेंज में होगा. राज्य शूटिंग मीट में 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर राइफल एवं पिस्टल स्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें प्रदेशभर के निशानेबाज विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे. यह प्रतियोगिता पहले 8 जुलाई से प्रस्तावित थी, लेकिन क्षेत्र में भारी वर्षा और मौजूदा मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित करते हुए नई तारीख तय की गई है, जिससे सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके. प्रतिभागी निशानेबाजों के लिए 12 जुलाई को एक प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्र आयोजित किया जाएगा. प्रशिक्षण सत्र के तुरंत बाद प्रतियोगिता मैच शुरू होंगे. एसोसिएशन संशोधित कार्यक्रम के तहत उत्साहपूर्ण भागीदारी और चैंपियनशिप के सफल आयोजन की आशा करता है.

### मनमथ नाथ बने बाल संरक्षण आयोग के सदस्य



**रायपुर, 8 जुलाई।** राज्य सरकार ने निगम मंडल व आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव के पद पर नियुक्तियां की है। जांजगीर निवासी जाने-माने अधिवक्ता मनमथ नाथ शर्मा को राज्य बाल संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

### भाजपा रामद्रोही पहले चंदा चोरी अब चढ़ावा चोरी : दीपक बैज

**रायपुर, 8 जुलाई।** भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया अब चढ़ावा में चोरी। प्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ रू. से अधिक राशि एकत्रित हुआ था। उसका जवाब आरएसएस एवं भाजपा के लोग नहीं दे पाये। उनके ही सहयोगी नेताओं ने ही राम मंदिर निर्माण के समय एकत्रित किये चंदे का आरोप लगाया था। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे, इन सबकी पृष्ठ भूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। कहा जा सकता है इन घोटालों को आरएसएस भाजपा का संरक्षण रहा है। भाजपा ने देवद्रव्य चोरी करने के महापाप का संरक्षण किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राम मंदिर न्यास ट्रस्ट का गठन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था इसलिए वहां पर घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी मोदी और शाह की बनती है। अगस्त 2020 में ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट ने स्वयं स्वीकार किया कि उसके 15 में से 12 सदस्य प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संसद में ट्रस्ट गठन की घोषणा के बाद नामित किए गए थे। ट्रस्ट की संरचना की घोषणा गृह मंत्री अमित शाह ने की थी, इसे एक स्वतंत्र ट्रस्ट बताया गया था।

### हसदेव एक्सप्रेस में 1 एसी थ्री कोच का प्रावधान

**रायपुर, 8 जुलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है 7 इसी क्रम में गाड़ी संख्या 18251/18252 तथा 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 01अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में दिनाँक 12 जुलाई 2026 से तथा कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में दिनाँक 13 जुलाई 2026 से उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18249 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में दिनाँक 15 जुलाई 2026 से तथा कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में दिनाँक 16 जुलाई 2026 से उपलब्ध रहेगी। इसकी उपलब्धता से यात्रियों को सुगम एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्राप्त होगी।

### निधन

**मनोज पांडेय**

**रायपुर, 8 जुलाई।** नयापारा निवासी मनोज पांडेय का निधन हो गया है। वे 53 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शाम चार बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे राजधानी पत्रकार गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रेम पाठक के भांजा थे।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान को लिखा पत्र

# पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का अनुरोध

**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है. उन्होंने आवास प्लस 2.0 सर्वे के दौरान आई तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का उल्लेख करते हुए सर्वे से छूटे पात्र हितग्राहियों को योजना में शामिल करने का आग्रह किया है. साथ ही भारत सरकार से इस संबंध में आवश्यक निर्णय और पहल करने की अपील की है.

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने पत्र में लिखा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण सम्मेलन एक महत्वपूर्ण पहल है. उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बधाई देते हुए ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन की सराहना की. साथ ही उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया.

पत्र में सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए गए उस आश्वासन का भी उल्लेख किया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा. विजय शर्मा ने इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ में योजना के क्रियान्वयन के दौरान सामने आ रही व्यावहारिक समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया. इसके अलावा कुछ ऐसे परिवार भी रहे, जिनका सर्वेक्षण तो किया गया, लेकिन तकनीकी अथवा अन्य कारणों से उनकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट या प्रदर्शित नहीं हो सकी. परिणामस्वरूप ग्राम सभा में उनकी पात्रता दर्ज नहीं हो पाई, जबकि वे योजना के लाभ के पात्र हैं.



#### आवास प्लस 2.0 की सूची में सामने आई दिक्कतें

विजय शर्मा ने पत्र में बताया कि 24 जून को प्रदेशभर की ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 की पात्रता सूची प्रस्तुत की गई थी. इस प्रक्रिया के दौरान कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आईं. उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के समय कुछ पात्र परिवार पलायन या अन्य कारणों से अपने गांव में मौजूद नहीं थे, जिसके चलते उनका सर्वे नहीं हो सका और उनका नाम पात्रता सूची में शामिल नहीं हो पाया.

#### उपमुख्यमंत्री ने समाधान निकालने का किया आग्रह

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पत्र में कहा कि इन दोनों कारणों से प्रदेश के बड़ी संख्या में पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभ से वंचित रह गए हैं. उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि इस समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार स्तर पर आवश्यक निर्णय लिए जाएं और उचित पहल की जाए, ताकि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे. पत्र के अंत में विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी पात्र परिवारों को आवास के संकल्प को पूरी तरह साकार करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया. साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए जा रहे निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका पुनः आभार व्यक्त किया है.

# शराब दुकान की छत काटकर चोरी

## 72 हजार की 15 पेटी शराब लेकर चोर फरार

**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के आरंग से हैरान कर देने वाली चोरी की वारदात सामने आई है। यहां चोरों ने शराब दुकान का ताला नहीं, बल्कि पूरी छत काट डाली है। देर रात दुकान की टीन की छत तोड़कर अंदर घुसे बदमाश हजारों रुपये की शराब लेकर फरार हो गए। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

मामला आरंग थाना क्षेत्र के लखौली स्थित देशी कंपोजिट मदिरा दुकान का है। जानकारी के मुताबिक, 6 जुलाई की रात अज्ञात चोर दुकान की टीन की छत काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखी 'शोले मसाला' ब्रांड की शराब की 15 पेटियां चोरी कर लीं। चोरी की गई शराब की कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई जा रही है।

घटना का पता अगली सुबह दुकान खुलने पर चला। सुपरवाइजर दीपक कुमार तांडी ने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी और आरंग थाने में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। सवाल यह भी उठ रहा है कि चोर इतनी बड़ी मात्रा में शराब लेकर फरार हो गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। अब देखना होगा कि पुलिस इस वारदात का खुलासा कब तक कर पाती है।

#### कोरबा शहर में भी हुई एक चोरी काफी चर्चा में

जनवरी 2026 में छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में भी हुई एक चोरी काफी चर्चा में रही थी। दरअसल खबर आई थी कि यहां नहर पर बना



लगभग 40 वर्ष पुराना 10 टन वजनी एक छोटा लोहे का पुल चोरी हो गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, चोरों ने गैस कटर से पुल को काटा था और उसे कबाड़ में बेच दिया था। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

कोरबा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले का भी बयान सामने आया है। उन्होंने बताया था कि 18 जनवरी की सुबह लोगों द्वारा वार्ड के पार्षद को ये जानकारी दी गई थी कि सुबह के वक्त उन्होंने लोहे का पुल गायब देखा। इसके बाद जब पार्षद ने अधिकारियों को सूचना दी तो हड़कंप मच गया।

# डायलिसिस मशीनों के संचालन के लिए कट फिल्टर प्रदान

**रायपुर, 8 जुलाई।** नेहा अग्रवाल, सचिव, इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन ऑफइनर व्हील क्लब्स इन इंडिया के राष्ट्रीय सेवा अभियान जीवन धारा 2026-27 के अंतर्गत इनरव्हील क्लब ऑफरायपुर ग्रेटर द्वारा मेकाहारा के ऑन्कोलॉजी डायलिसिस विभाग में एक सेवा परियोजना का आयोजन किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत डायलिसिस मशीनों के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के लिए विभाग को एक कट फ़िल्टर एवं एक सैनिटाइजिंग लिक्विड भेंट किया गया। इस आवश्यक सामग्री से विभाग में उपचाररत लगभग 40 डायलिसिस मरीजों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा मशीनों के रखरखाव एवं बेहतर संचालन में सहायता प्राप्त होगी।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यों नम्रता दुबे, पूजा जैन, पुष्पा मालवीय एवं



संगीता गोयल उपस्थित रहीं। मेकाहारा की ओर से डॉ. दिव्या रक्षे ने सामग्री ग्रहण की तथा इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा किए गए इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए क्लब का आभार व्यक्त किया। इनर व्हील क्लब ऑफरायपुर ग्रेटर समाज के स्वास्थ्य एवं सेवा कार्यों के प्रति सदैव समर्पित रहा है। क्लब का उद्देश्य केवल सेवा सामग्री उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना भी है। जीवन धारा परियोजना इसी सेवा भावना का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# भगवान जगन्नाथ के रथ का संदेश हर घर तक पहुंचेगा

**रायपुर, 8 जुलाई।** भगवान जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के मांगलिक अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध आस्था, श्रद्धा और भक्तिभाव को समर्पित अत्यंत प्रतीक्षित आध्यात्मिक कार्यक्रम जोहार जगन्नाथ का आज रायपुर के कोतवाली चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (ए.टी. पैलेस) में कार्यक्रम के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन जय जगन्नाथ के जयघोष के मध्य हुआ। पूरा परिसर आस्था के रंग में सराबोर हो उठा।

चेयरमैन त्रिलोकचंद बरड़िया ने अपने संबोधन में भगवान जगन्नाथ के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कहा की जोहार जगन्नाथ महज़ एक आयोजन नहीं, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं के हृदय और प्रभु के मध्य एक भावनात्मक एवं आध्यात्मिक सेतु है।




यह हमारी सनातन परंपरा और छत्तीसगढ़ी अस्मिता का अभिन्न अंग है। उन्होंने रोचक तथ्य साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1957 में इसी पावन रथयात्रा के दिन अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की आधारशिला रखी गई थी आज यह संयोग अत्यंत अलौकिक लगता है, जब यह संस्थान स्वयं को भगवान की सेवा में समर्पित कर रही है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि प्रभु जगन्नाथ की कृपा सदैव सब पर बनी रहे और हर मनोकामना पूर्ण हो।

# व्यापारियों के हितों की पैरवी के लिए आगे आया चेम्बर



**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एक बार फिर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगे आया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर छत्तीसगढ नगरपालिका (व्यापार अनुज्ञापन) नियम, 2025 में लागू वर्गफुट (स्क्वायर फीट) आधारित पंजीकरण शुल्क व्यवस्था को समाप्त करने तथा इसके स्थान पर न्यायसंगत लाइसेंसवार फ्लैट शुल्क प्रणाली लागू करने की मांग करते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। चेम्बर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सरकार द्वारा 43 प्रमुख व्यवसायों को ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त करने का निर्णय स्वागतयोग्य है और इससे प्रक्रियागत सरलीकरण को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन नियम-18 के तहत लागू वर्गफुट आधारित वार्षिक पंजीकरण शुल्क व्यापारियों के लिए राहत नहीं, बल्कि अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनकर सामने आया है। नगर निगम क्षेत्रों में ?6 प्रति वर्गफुट की दर से अधिकतम ?30 हजार तक वार्षिक शुल्क निर्धारित किए जाने से विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारी प्रभावित होंगे। चेम्बर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को केवल उठाना ही नहीं, बल्कि उनका व्यावहारिक समाधान सरकार तक पहुँचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर से प्राप्त सुझावों और व्यापारियों की चिंताओं का अध्ययन कर यह मांगपत्र तैयार किया गया है।

# फैक्ट्री में धमाका: मृतकों के परिवार को मिलेगा 30-30 लाख का मुआवजा

**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला स्थित श्री डी फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में 3 मजदूरों की मौत हो गई. घटना के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है. वहीं मृतकों के परिवार को कारखना प्रबंधन ने आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा कर दी है. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उरला स्थित श्री डी फैक्ट्री में फेरो अलॉय बनाने का काम होता था. मंगलवार की शाम 6 बजे ब्लास्ट की घटना हुई. फेरो एलॉयज डिवीजन में संचालित फर्नेस में लान्सिंग करने के दौरान ऑक्सीजन सिलिंडर में अचानक भीषण विस्फोट होने के कारण दुर्घटना घटित हुई. फैक्ट्री में ब्लास्ट की घटना को लेकर मुख्यमंत्री साय ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हादसे के बाद कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को बंद कर दिया गया है. मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया गया है. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आगे भी उद्योगों में सुरक्षा पर कड़ाई से काम किया जाएगा. उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने घटना को लेकर कहा कि उरला के श्री डी फैक्ट्री में ब्लास्ट की घटना बेहद दुखद है. फैक्ट्री को तत्काल बंद कर दिया गया है. साथ ही घटना की जांच के आदेश भी दिए गए है. उन्होंने बताया कि मृतकों 30-30 लाख मुआवजे का प्रावधान किया गया हैं. जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्रवाई की जाएगी.

# व्यापारियों से एक-दूसरे के साथ जुड़कर कार्य करने का आह्वान



**रायपुर, 8 जुलाई।** युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि युवा कैट रायपुर द्वारा प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली मासिक बिजनेस मीट का आयोजन होटल किंगवे, तेलीबांधा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स को एक ऐसा सशक्त मंच प्रदान करना था, जहाँ वे आपसी परिचय, व्यापारिक अनुभवों का आदान-प्रदान, नए व्यावसायिक अवसरों की खोज तथा मजबूत नेटवर्किंग के माध्यम से अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग, छत्तीसगढ़ शासन (राज्यमंत्री दर्जा) ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता का सबसे बड़ा आधार मजबूत नेटवर्किंग, पारस्परिक विश्वास एवं सहयोग की भावना है। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से एक-दूसरे के साथ जुड़कर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठित व्यापार ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति का आधार है। उन्होंने युवा कैट की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे व्यापारिक समाज के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। बिजनेस मीट में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स एवं युवा उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# रामनगर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया जोन कार्यालय का घेराव

**रायपुर, 8 जुलाई।** रामनगर क्षेत्र के दोनों वार्डों की वर्षों से लंबित मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जोन क्रमांक-7 कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पेयजल, सड़क, नाली, सफाई सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार मेनन और विकास उपाध्याय के नेतृत्व में आज किया गया। कांग्रेस के नेताओं और क्षेत्रवासियों ने कहा ने कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की जनता क्षेत्रीय विधायक की हठधर्मिता और उदासीनता के कारण लगातार परेशानियों का सामना कर रही है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा आम नागरिकों को



भुगतना पड़ रहा है, जबकि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान जोन कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर 15 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो 15 दिनों के बाद पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत, रायपुर की महापौर मीनल चौबे तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निवास का घेराव कर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि जनता के अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के लिए उसका संघर्ष लगातार जारी रहेगा और जब तक सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान मौजूद जिला अध्यक्ष कुमार मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय वह के पूर्व पार्षद मनी राम साहू, देव कुमार साहू, संतोष साहू, भागवत साहू, ईश्वरी नाम देव, सुनील चौहान, अजीत, आदि उपस्थित रहे।

**नई व्यवस्था** | छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने निकाह व्यवस्था में पारदर्शिता लिए की नई पहल

# गैर-मुस्लिम से शादी के लिए वक्फ बोर्ड से लेनी होगी मंजूरी

**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने निकाह व्यवस्था में पारदर्शिता लिए एक नई पहल करने जा रहा है, जिसमें अगर कोई मुस्लिम युवक या युवती किसी गैर-मुस्लिम से निकाह करना चाहता है, तो पहले वक्फ बोर्ड से अनुमति लेना अनिवार्य होगा. इसके लिए दोनों पक्षों की सहमति, आवश्यक दस्तावेज और कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी. बिना अनुमति निकाह पढ़ाने वाले मौलानाओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है. इसके अलावा मौलानाओं का रजिस्ट्रेशन भी होगा. नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में निकाह कराने वाले सभी मौलानाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा. केवल रजिस्टर्ड मौलाना ही निकाह करा सकेंगे।

बोर्ड का कहना है कि इससे फर्जी पहचान, दस्तावेज छिपाकर विवाह कराने और विवादित मामलों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी. हर निकाह का पूरा रिकॉर्ड वक्फबोर्ड के पास सुरक्षित रखा जाएगा. निकाह के बाद जारी होने वाला प्रमाणपत्र भी बोर्ड के माध्यम से जारी किया जाएगा. वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों का कहना है कि आदिवासी क्षेत्रों से महिलाओं को बहला-फुसलाकर विवाह करने और संपत्ति विवाद से जुड़े कुछ मामलों की शिकायतें मिली हैं, इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे मामलों की निगरानी बढ़ाने और सभी निकाह का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की योजना बनाई गई है।



#### वक्फबोर्ड के पास रहेगा रिकॉर्ड

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के अनुसार, वर्तमान में कई स्थानों पर निकाह का कोई केंद्रीकृत रिकॉर्ड नहीं रखा जाता, जिससे बाद में वैवाहिक स्थिति, पहचान और कानूनी मामलों में विवाद पैदा होते हैं. नई व्यवस्था लागू होने के बाद प्रत्येक निकाह का रिकॉर्ड वक्फबोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा और प्रमाणपत्र भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत जारी किया जाएंगे।

#### वक्फ बोर्ड क्या होता है?

वक्फबोर्ड एक वैधानिक संस्था है, जो मुस्लिम समुदाय द्वारा धार्मिक, सामाजिक या जनकल्याण के उद्देश्य से दान की गई संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण करती है. इसका गठन वक्फअधिनियम, 1995 (बाद में संशोधित) के तहत किया जाता है।

#### भारत में वक्फ बोर्ड

लगभग हर राज्य का अपना राज्य वक्फबोर्ड होता है.इनके अलावा एक केंद्रीय वक्फपरिषद भी है, जो केंद्र सरकार के अधीन सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26